नई दिल्ली
मंगलवार, 5 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 112
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 27.0


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,018.72 | 418.81 ▲ |
| निफ्टी | 24,722.75 | 157.42 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 98,020/- | 400/- ▲ |
| चांदी | 1,10,000/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.70 | 52 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 68.87 बैरल 1.15% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

समारोह स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज को दी जाने वाली 21 तोपों की सलामी का मुख्य आकर्षण होगी स्वदेशी लाइट फील्ड गन

# लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिखेगी 'आत्मनिर्भर भारत' की झलक...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे समारोह की अध्यक्षता, लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को करेंगे संबोधित

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर में बड़े पैमाने पर प्रयोग किए गए स्वदेशी हथियारों से पाकिस्तान को बुरी तरह से धूल चटाने के बाद अब देश की सत्ता से जुड़े सामरिक गलियारों (रक्षा मंत्रालय) में 15 अगस्त यानी जश्न-ए-आजादी की 79वीं वर्षगांठ को जोरशोर से मनाने की तैयारियों का युद्धस्तर पर आगाज हो चुका है। जिसमें स्वदेशी के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत झलक देखने को मिलेगी। राष्ट्रीय ध्वज को दी जाने वाली 21 तोपों की परंपरागत सलामी के लिए देश में बनी 105 एमएम की लाइट फील्ड गन (एलएफजी) की प्रचंड गर्जना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समारोह के साक्षी बनने वाले हर खासो-आम के मन में राष्ट्रीयता की भावना तीव्र गति से हिलोरे मारने लगेगी। सूत्रों ने बताया कि सेना जल्द ही एलएफजी से दी जाने वाली इस सर्वोच्च सैन्य सलामी का अभ्यास शुरू करेगी। संभवतः समारोह के लिए 7 तोपों का प्रयोग किया जाएगा, तीन राउंड फायर होंगे और सलामी की ये पूरी कवायद करीब 52 सेकंड में पूरी हो जाएगी। धमाके के लिए लाइव शेल नहीं बल्कि खासतौर पर डिजाइन किए गए कार्टेरेज और ब्लैंक राउंड्स का प्रयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह की अध्यक्षता करेंगे और उनका लालकिले की प्राचीर से देश के नाम संबोधन भी होगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे कार्यकाल में लालकिले से यह पीएम का दूसरा संबोधन होगा।

### दो साल पहले बदल गई रवायत

*वर्ष 1947 में मिली आजादी के बाद लंबे अर्से तक देश के तमाम राष्ट्रीय पर्वों और कुछ अन्य आयोजनों में अंग्रेजों के शासनकाल की सैन्य सामग्री का इस्तेमाल ही चलन में रहा। लेकिन 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के गठन के बाद इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी से जुड़ा हुआ है दो साल पहले 2023 में सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह में तिरंगे को दी जाने वाली राष्ट्रीय सलामी के लिए स्वदेशी लाइट फील्ड गन का प्रयोग करने का निर्णय। जबकि पहले इन दोनों महत्वपूर्ण समारोह में ब्रिटिश 25-पाउंडर तोप का ही इस्तेमाल किया जाता था। ये तोपें द्वितीय विश्व युद्ध और नॉरमैंडी जैसे युद्धों में प्रयोग की जा चुकी हैं।*

### 17वीं शताब्दी से जुड़ा इतिहास

*गौरतलब है कि 21 तोपों की सलामी को देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान माना जाता है। लेकिन इसकी शुरुआती जड़ें लगभग 16वीं-17वीं शताब्दी के उस कालखंड से जुड़ी हुई हैं। जब समुद्री नौसैनिक परंपरा के तहत एक पराजित युद्धपोत या जहाज को अपने गोला बारूद का इस्तेमाल खुद को असहाय व निहत्था बनाने के लिए करना पड़ता था। ये एक प्रकार से उसके द्वारा शत्रुतापूर्ण इरादे की कमी का साफ संकेत देता था। पूरी प्रक्रिया में युद्धपोत अपनी तोपों को बिना किसी नुकसान के तब तक समुद्र में दागकर अपनी शांतिपूर्ण मंशा को प्रदर्शित करता था। जब तक उसका गोला बारूद पूरी तरह से खत्म न हो जाए। सलामी प्रक्रिया में सात तोपों के इस्तेमाल का नियम था। जिसमें प्रत्येक जहाज केवल 7 गोले ही दागेगा। लेकिन समुद्र के किनारे पर तैनात किलों को पानी में तैर रही हर एक गोली के बदले 3 गोलियां दागनी पड़ती थी। जिसके बाद ये संख्या 21 हो गई। वर्तमान में दोनों राष्ट्रीय पर्वों के अलावा विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान व सैन्य-राजकीय अंत्येष्टि के मामलों में सेवा की शाखा या उस व्यक्ति के पद (कार्यालय) के हिसाब से भी 21 तोपों की सलामी दी जाती है।*

### तोप की मारक क्षमता 17 किलोमीटर

*सलामी के लिए प्रयोग की जाने वाली 105 एमएम की तोप केंद्रीय भारत स्थित मध्य-प्रदेश राज्य के जबलपुर में आयुध फैक्ट्री खमरिया में बनाई गई हैं। 80 के दशक में इन्हें सेना के युद्धक बेड़े में शामिल किया गया था। तोप लगभग 17 किलोमीटर तक मार कर सकती है। वजन में ये काफी* ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### महिला सांसद के गले से सोने की चेन खींची

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी से चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई। हैरानी की बात है कि चेन स्नैचिंग की ये वारदात संसद भवन से कुछ ही दूरी पर सांसद आर सुधा के साथ हुई।



तमिलनाडु के मयीलाडूतुरे की कांग्रेस सांसद एम सुधा एक साल से तमिलनाडु भवन में रहती हैं।

### वंदे भारत में 15 मिनट पहले बुक होंगे टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। अब यात्री वंदे भारत ट्रेन से यात्रा करने से महज 15 मिनट पहले भी टिकट बुक कर सकते हैं। इसके लिए भारतीय रेलवे ने रिजर्वेशन सिस्टम में बदलाव किया है। ये नियम अभी केवल 8 वंदे भारत एक्सप्रेस पर ही लागू हुआ है।



### लैंडिंग करते ही टायर पंक्चर फ्लाइट रद्द

**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट पर सोमवार को करीब 11.30 बजे इंडिगो का एयरबस का विमान का टायर क्षतिग्रस्त हो गया। ये हादसा तब हुआ जब एयरबस यात्रियों को उतारने के बाद एप्रान में पार्क करने के लिए ले जाया जा रहा था। गनीमत है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।



भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल खरीद पर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद डोनाल्ड ट्रंप की नई चेतावनी

# यूक्रेन में हो रही मौतों पर 'बेपरवाह' भारत रूसी तेल खरीद पर लगेगा भारी टैरिफः ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अब 7 अगस्त से लगेगा टैरिफ

इस सप्ताह गुरुवार 7 अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ वसूलने और रूस से तेल खरीद पर जुर्माना लगाने के ऐलान के तुरंत बाद सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर और तीखे हो गए। जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से तेल खरीदने की वजह से वो भारत पर टैरिफ में भारी वृद्धि करेंगे।

यह जानकारी ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच टूथ पर एक पोस्ट के जरिए दी। जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर यूक्रेन में हो रही मौतों के मामले में बेपरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि वह इस दौरान न केवल रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहा है। बल्कि उसे खुले बाजार में भारी मुनाफे के साथ बेच भी रहा है। भारत को इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि रूस की युद्ध की मशीन से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं? इसलिए अब वो भारत पर टैरिफ में भारी वृद्धि करेंगे।

### नया नहीं है अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान

गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा से पहले भी कई मौकों पर भारत पर निशाना साध चुके हैं। पूर्व में उन्होंने यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के बीच रूस से की जा रही तेल खरीद को लेकर कहा था कि मुझे भारत-रूस संबंधों से कोई मतलब नहीं हैं। दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लेकर गर्त में जा सकते हैं। साथ ही पाकिस्तान से हालिया हुए व्यापार समझौते (तेल संसाधनों के विकास की योजना) के वक्त उन्होंने कहा था कि क्या पता एक दिन पाकिस्तान ही भारत को तेल बेचने लग जाए? ट्रंप भारत, ब्राजील, रूस और चीन जैसे देशों के समूह यानी ब्रिक्स की भी आलोचना करते हुए उसे अमेरिका विरोधी गठबंधन बता चुके हैं और समूह देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं।

### तेल खरीद में राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकता

उधर, इन सबके बीच भारत ने तेल की खरीद को लेकर अपनी नीति और सोच को साफ कर दिया है। बीते दिनों लोकसभा में दिए एक बयान में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल खरीद पर जुर्माना लगाने वाले बयान के देश पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर रहे हैं। लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। देश की तेल खरीद के केंद्र में हर हाल में नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का सरकार का उद्देश्य शामिल है। इस कवायद में घरेलू के साथ ही वैश्विक बाजारों की स्थिति के विश्लेषण के आधार पर ही उचित निर्णय लिया जाता है।

### अमेरिका, ईयू रूस से कर रहे अपनी जरूरतों की पूर्ति, फिर भारत से परेशानी क्यों?

रूस से जारी भारत की तेल खरीद पर अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) की आलोचना का सोमवार को भारत ने करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यूक्रेन विवाद की शुरुआत से ही अमेरिका और ईयू रूस से हमारी तेल खरीद को लेकर आलोचना कर रहे हैं। भारत रूस से तेल खरीद रहा है। क्योंकि यूक्रेन संघर्ष के बीच हमारी परंपरागत सप्लाई (खाड़ी क्षेत्र) को यूरोप की तरफ मोड़ दिया गया है। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में स्थिरता को लेकर तब अमेरिका ने भी इसका समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि भारत का तेल आयात हमारे देश के उपभोक्ताओं के लिए सुलभ कीमतों पर आधारित है। जिसके साथ वैश्विक बाजारों की स्थिति भी जुड़ी हुई है। इसलिए यहां ये बताना जरूरी है कि उक्त दोनों पक्ष जो भारत की आलोचना कर रहे हैं। वो खुद रूस के साथ व्यापार करने में लगे हुए हैं। यूरोप-रूस का व्यापार न केवल ऊर्जा से जुड़ा है। बल्कि यूरोप, रूस से उर्वरक, खनन के उत्पाद, कैमिकल, लोहा और स्टील, मशीनरी और यातायात केखरीदता उपकरण है। जबकि अमेरिका रूस से अपने परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड खरीदता है। ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम और उर्वरक और कैमिकल की खरीद भी अमेरिका रूस से ही करता है।

#### भारत की आलोचना का कोई तुक नहीं बनता

*जायसवाल ने कहा, दोनों पक्षों द्वारा भारत की आलोचना किया जाना अनुचित और पूरी तरह से तर्कहीन है। बाकी दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तरह भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा।*

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले यह बैठक राजनीतिक दृष्टि से अहम

# आज एनडीए के संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

सुबह 9.30 बजे होगी बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 9.30 बजे भाजपा गठबंधन दल एनडीए के सांसदों की संसदीय बैठक को संबोधित करेंगे। यह बैठक लंबे समय के बाद हो रही है, जिसमें एनडीए के सभी सांसद शामिल होंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन सात अगस्त से शुरू होने वाला है।

नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है और एनडीए के पास संसद में बहुमत होने के कारण उसके उम्मीदवार का चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। लंबे समय के बाद हो रहे एनडीए की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकते हैं। जैसे कि मानसून सत्र अब तक विपक्ष के लगातार विरोध के चलते लगभग ठप रहा है। विपक्ष बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा (एसआईआर) को लेकर चुनाव ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री का हो सकता है सम्मान

*बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर में सेना की सफलता और आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर सम्मानित भी किया जा सकता है। एनडीए की यह बैठक पहले केवल भाजपा सांसदों के लिए होती थी, लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव के बाद इसे सभी सहयोगी दलों के सांसदों तक बढ़ा दिया गया है। इसमें टीडीपी, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) जैसे सहयोगी दलों के सांसद भी शामिल होते हैं। इस तरह की बैठकों में प्रधानमंत्री अक्सर सांसदों को जनता के बीच उठाने लायक मुद्दे, सरकार की उपलब्धियां और संसद में सरकार की रणनीति के बारे में बताते हैं।*

होगा फ्लैट लेकिन टाइप-8 से भी विशाल कारपेट एरिया

# सांसदों के लिए नया आवासीय परिसर बनकर तैयार, अगले सप्ताह पीएम कर सकते हैं उद्घाटन

- *कुल 5 हजार वर्ग फीट का होगा एक फ्लैट, परिसर में होंगे 184 फ्लैट*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवासीय कमी से जूझ रहे माननीयों को अब ठौर आसानी से मिल सकेगा। साथ ही भूमि की कमी से जूझ रही दिल्ली में माननीयों के लिए आवासीय इंतजाम करने को सीपीडब्लूडी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पडेगी। राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन में सांसदों के लिए बना नया आवासीय परिसर अब पूरी तरह तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर न केवल संसद सदस्यों के लिए आवास की चुनौती को कम करेगा, बल्कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सांसदों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस आवास

*इस परिसर में तैयार किए गए फ्लैट्स को डुप्लेक्स और सिंगल-यूनिट के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें सांसदों की सुविधा और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। फ्लैट्स में सौर ऊर्जा सिस्टम, वर्षा जल संचयन प्रणाली, भूमिगत पार्किंग, और सुरक्षा के आधुनिक इंतजाम शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, "यह परियोजना समय पर पूरी कर ली गई है और सांसदों को जल्द ही नए फ्लैट्स आवंटित किए जाएंगे। यह न केवल सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि किराए पर रह रहे सांसदों का खर्च भी बचेगा।"*

मंगलवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक

# भारत की पांच दिवसीय यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे फिलीपींस के राष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में ड्रैगन की दिनोंदिन बढ़ती जा रही उग्रता के बीच सोमवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर.मार्कोस जूनियर अपनी पांच दिवसीय (4 से 8 अगस्त तक) भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे। हवाईअड्डे पर आगमन के दौरान रेड कार्पेट वेलकम के साथ सैन्य बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जबकि विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने राष्ट्रपति मार्कोस का बेहद गर्मजोशी के साथ उनकी अगवानी की। मंगलवार (5 अगस्त) को राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

[ ये नई टीम इंडिया है... ]

# अंग्रेजों के जबड़े से छीन ली जीत, ओवल टेस्ट छह रन से जीता, सिराज को मिले पांच विकेट

- टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार
- मोहम्मद सिराज बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▶▶ लंदन



वाह टेस्ट क्रिकेट, वाह टीम इंडिया... क्या जबरदस्त मैच रहा। क्या शानदार तरह से जीता। भारतीय टीम के लिए मैच में जीत के हीरो मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा रहे, जिन्होंने क्रमशः 5 और 4 विकेट झटककर भारतीय टीम की झोली में जीत डाल दी। भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक ▶▶ शेष पेज 5 पर

आईआईटी मद्रास में भारतीय सेना अनुसंधान प्रकोष्ठ 'अग्निशोध' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बोले सेनाप्रमुख

# ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आतंकवाद रोधी सिद्धांत को किया नए सिरे से परिभाषितः जनरल द्विवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के परिसर में स्थापित किए गए सेना के अनुसंधान प्रकोष्ठ (आईएआरसी) 'अग्निशोध' का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई यानी ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि कुल करीब 88 घंटे तक चले इस अभियान ने न केवल भारत के आतंकवाद के खिलाफ बने हुए सिद्धांत को नए सिरे से ▶▶ शेष पेज 5 पर

तीन दिन का राजकीय शोक झारखंड में आज दोपहर तीन बजे मुखाग्नि दी जाएगी



पीएम मोदी सर गंगाराम पहुंचे, दी श्रद्धांजलि, पीएम के गले मिलकर सीएम हेमंत सोरेन रो पड़े

झारखंड की संघर्ष परंपरा के वटवृक्ष रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन, बांग्लादेश की 'मुक्ति' से गढ़ा झारखंड का इतिहास

# गुरुजी ने 'उलगुलान' की वो आवाज बुलंद की थी जिसे धरती आबा (पृथ्वी के पिता) बिरसा मुंडा ने हुंकार दी थी

धनकटनी प्रथा से गुरुजी ने एक नई लकीर खींची, इसमें आदिवासी लड़के महाजनों की खड़ी धान की फसल काट लेते थे, युवा तीर-कमान लेकर उसकी रक्षा करते

एजेंसी ▶▶ रांची/नई दिल्ली



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक दिशोम गुरु (पथ प्रदर्शक) शिबू सोरेन (80) का सोमवार को निधन हो गया। यह जानकारी उनके बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद एक्स पर पोस्ट कर साझा की। उन्होंने लिखा कि दिशोम गुरुजी हम सभी को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में अंतिम संस्कार

*सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया गया। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शिबू सोरेन खालिस बागी आदिवासी थे

तब सूदखोरी, महाजनी प्रथा से आदिवासी त्रस्त थे। ऐसी घड़ी में शिबू सोरेन ने उलगुलान (उलगुलान जनजातीय भाषा और संस्कृति का एक शब्द है। इतिहास में इसका इस्तेमाल आदिवासी अस्मिता एवं जल, जंगल, जमीन पर होने वाले हमलों के खिलाफ विद्रोह के लिए किया जाता रहा है) की आवाज बुलंद की और आदिवासियों के नायक बन गए। फिर धनकटनी प्रथा से शुरू हुआ गुरुजी का आंदोलन झारखंड के अलग राजनीतिक वजूद के सवाल पर आ गया। दिशोम की उपाधि शिबू सोरेन को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बस चालक ने स्वास्थ्य संबंधी किसी आपात स्थिति के कारण वाहन से नियंत्रण खोया

# डीटीसी बस ने कई वाहनों को मारी टक्कर, ऑटोरिक्शा चालक की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में सोमवार सुबह दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक बस के कथित तौर पर नियंत्रण खो देने और कई वाहनों को टक्कर मारने से 63 वर्षीय ऑटोरिक्शा चालक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार नोएडा के सेक्टर-63 निवासी बस चालक नरेंद्र (27) ने संभवतः स्वास्थ्य संबंधी किसी आपात स्थिति के कारण वाहन से नियंत्रण खो दिया। यह दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे विकास मार्ग पर मंगल बाजार लाल बत्ती के पास उस वक्त हुई जब डीटीसी बस कथित तौर पर ऑटोरिक्शा और एक कार सहित कम से कम छह-सात वाहनों से टकरा गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि ऑटोरिक्शा से टकराने से पहले बस ने कई अन्य वाहनों को टक्कर मार दी।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना में ऑटोरिक्शा चालक मोहम्मद हीन गंभीर रूप से घायल हो गए और राहगीरों द्वारा उन्हें हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि विकास मार्ग मंगल बाजार लाल बत्ती के पास सड़क दुर्घटना होने की सूचना पीसीआर को सुबह नौ बजकर 30 मिनट पर मिली। शकरपुर थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और तीन वाहन - एक डीटीसी बस, एक ऑटोरिक्शा और एक कार क्षतिग्रस्त हालत में मिले। उन्होंने बताया कि उस समय घटनास्थल पर कोई घायल व्यक्ति नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को जल्द ही हेडगेवार अस्पताल से सूचना मिली कि दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को लाया गया है और उसे मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है और परिजनों को सूचित कर दिया है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या दुर्घटना के समय बस चालक को स्वास्थ्य संबंधी कोई आपात समस्या थी, जिसकी पुष्टि उसकी चिकित्सीय जांच और बस के अंदर लगे सीसीटीवी से हो सकेगी। दुर्घटना के कारण विकास मार्ग पर अस्थायी रूप से यातायात जाम हो गया। बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया और यातायात बहाल किया गया। प्रत्यक्षदर्शी अनिल शर्मा ने बताया कि वह घटनास्थल के पास ही खड़े थे कि तभी उन्होंने एक अनियंत्रित बस को देखा, जिसने एक ऑटोरिक्शा सहित पांच-छह वाहनों को टक्कर मार दी। शर्मा ने कहा कि ऑटोरिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई और पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। बस चालक को पास के अस्पताल ले जाया गया और हमें पता चला कि उसे स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या थी। अन्य प्रत्यक्षदर्शी जुगल किशोर ने बताया कि ऑटो चालक यात्रियों का इंतजार कर रहा था कि तभी बस ने नियंत्रण खो दिया और कई अन्य वाहनों से टकरा गई। उन्होंने कहा कि चूंकि हम पास में ही खड़े थे इसीलिए हम घटनास्थल पर गए। दुर्घटना के समय बस में कोई यात्री नहीं था।" दुर्घटना के बारे में डीटीसी से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटर को टक्कर मारी, डिलीवरी बॉय की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग पर सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार वाहन ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी जिससे एक कंपनी प्रतिनिधि (डिलीवरी बॉय) की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने को सुबह करीब साढ़े छह बजे दुर्घटना की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिमी) अमित गोयल ने बताया कि मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा, जहां अस्थायी पंजीकरण संख्या वाला एक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त पाया गया, लेकिन मौके पर कोई घायल नहीं मिला। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस को एम्स ट्रॉमा सेंटर से राजकुमार नामक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली, जिसे मृत अवस्था में लाया गया था। टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान एक इलेक्ट्रिक कार के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पूछताछ की जा रही है और कानून के अनुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दो दशक से था फरार

# पत्नी की हत्या के आरोप में व्यक्ति लखनऊ से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने 60 वर्ष के एक व्यक्ति को लखनऊ में गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि वह दिल्ली में अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद दो दशक से अधिक समय से फरार था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वीरपाल उर्फ मैजू 2004 से गिरफ्तारी से बच रहा था और 2005 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था।

एक अधिकारी ने बताया कि उसने विजय उर्फ रामदयाल के रूप में एक नयी पहचान बना ली थी और लखनऊ में रहने लगा था। अधिकारी ने बताया कि छिपने के दौरान, वीरपाल ने दूसरी शादी भी कर ली और उसकी दूसरी पत्नी से तीन बेटियां हुईं। पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि 22 सितंबर 2004 को पुलिस को सूचना मिली कि एक किरायेदार ने अपनी पत्नी और बच्चे पर हमला करने के बाद कमरा खाली कर दिया है। उन्होंने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को एक महिला खून से लथपथ पड़ी मिली। गौतम ने बताया कि शव के पास टूटी हुई चूड़ियां, खून से सनी एक ईंट और एक टूटा हुआ दांत पड़ा था। उन्होंने कहा कि आरोप है कि वीरपाल अपने विवाह से नाखुश था और उसकी अपनी पत्नी से बनती नहीं थी।

अधिकारी ने बताया कि उसका एक बच्चा उस दिन घायल अवस्था में पाया गया था और उसने अपने पिता और चाचा सुरेश उर्फ सैजू की पहचान हमलावरों के रूप में की। डीसीपी ने कहा कि सह-आरोपी सुरेश कुमार को 2007 में गिरफ्तार कर लिया गया, उस पर मुकदमा चलाया गया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई। वहीं, वीरपाल भागने में कामयाब रहा और 21 साल से अधिक समय तक उसका कोई पता नहीं चला।₹ पुलिस के अनुसार, भागने के बाद, वीरपाल ने फर्रुखाबाद में अपनी पैतृक संपत्ति बेच दी और अपने गांव से सारे संबंध तोड़ लिये। पुलिस के अनुसार वह दिहाड़ी मजदूरी करता था और उसकी दूसरी पत्नी से तीन बेटियां हैं। डीसीपी ने कहा कि वीरपाल ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

## प्रतिबंधित चीनी मांझे के 660 रोल बरामद, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधित चीनी मांझे की बिक्री में कथित तौर पर शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 660 रोल मांझा बरामद किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मुरादनगर निवासी मनीष (23) और सलीम पठान के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारी एक गोपनीय सूचना और लगातार निगरानी के बाद की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एक टीम ने एक अगस्त को मंडोली स्थित मिलन गार्डन के पास एक इलाके में छापा मारा और मनीष को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके टेंपो से प्रतिबंधित चीनी मांझे के 540 रोल बरामद किए। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान मनीष ने बताया कि वह पिछले साल से मुरादनगर की पतंग की एक दुकान से चीनी मांझा खरीदकर दिल्ली में ऊंचे दामों पर बेच रहा था। उन्होंने कहा कि उसके खुलासे के आधार पर पुलिस ने मुरादनगर के मुख्य बाजार में एक दुकान पर छापा मारा और दूसरे आरोपी सलीम पठान को गिरफ्तार कर लिया तथा उसकी दुकान से 120 रोल बरामद किए। गौतम ने बताया कि उसने जांचकर्ताओं को बताया कि वह हरियाणा के करनाल स्थित एक सप्लायर से यह मांझा खरीदता था। पुलिस ने बताया कि सलीम दो साल से अधिक समय से इस प्रतिबंधित उत्पाद को चोरी-छिपे बेच रहा था। डीसीपी ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

# गेट बंद करने को लेकर किशोर ने माली को मारी गोली, मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी में एक जायदाद का गेट बंद करने को लेकर सोमवार तड़के 37 वर्षीय एक माली की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जायदाद की देखभाल का काम करने वाले संतलाल को सीने में गोली लगी।

पुलिस ने स्थानीय रियल एस्टेट एजेंट 19 वर्षीय पीयूष यादव को माली की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह घटना डेरा गांव में श्मशान घाट के पास देर रात करीब दो बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोस में महिलाओं के जोर-जोर से रोने की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। वहां पहुंचने पर पता चला कि एक व्यक्ति को गोली लगी थी और वह श्मशान घाट के पास बेसुध पड़ा था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक कारतूस बरामद किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि जायदाद का गेट बंद करने को लेकर आरोपी का पीड़ित के साथ झगड़ा हुआ था। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर पीयूष ने कथित तौर पर संतलाल को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया।₹ पूछताछ करने पर पीयूष ने अपना अपराध कबूल कर लिया। संतलाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।

### जहांगीरपुरी में युवक की गोली मारकर हत्या अस्पताल लाने वाले तीन लोगों पर संदेह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 20 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि इस घटना में वही तीन लोग शामिल हैं, जो युवक को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद फरार हो गए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की पहचान रोहिणी के सेक्टर 16 के निवासी रोहित बराड़ के रूप में हुई है। बराड़ के गर्दन की बाईं हड्डी के नीचे गोली लगी थी। पुलिस ने बताया कि उन्हें रविवार को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल से सूचना मिली कि गोली लगने से घायल हुए एक व्यक्ति को यहां भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि पंकज, आलम और आकाश नाम के व्यक्ति बराड़ को अस्पताल लाए थे।
उन्होंने बताया कि पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराने के तुरंत बाद तीनों लोग फरार हो गए। उनका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था और अभी यह भी नहीं पता चल पाया है कि बराड़ को किन परिस्थितियों में गोली लगी थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई हैं। टीम सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है और मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ भी कर रही है। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में जहांगीरपुरी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## गुरुद्वारा कमेटी ने की गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के आयोजनों के श्रृंखला की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित गुरमत समागमों की शुरुआत सोमवार से कर दी है। इसकी शुरुआत गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में गुरमत समागम से हुई है। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन सरदार जसप्रीत सिंह करमसर सहित अन्य मौजूद थे। संगत को संबोधित करते हुए कालका ने बताया कि इस श्रृंखला के तहत दिल्ली के विभिन्न गुरुद्वारों में कुल 57 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इसके लिए सिंह सभाओं के साथ-साथ विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों का सहयोग भी लिया जाएगा। गुरु तेग बहादुर साहिब ने उस समय दिल्ली में शहादत दी जब मौजूदा शासक अत्याचार और जुल्म की सारी हदें पार कर रहे थे और हिंदू धर्म का अस्तित्व संकट में था। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने अपनी इच्छा उनके साथ भाई मती दास, भाई सतीस दास और भाई दियाला ने भी शहादतें देकर सिखों के गौरवशाली इतिहास को और महान बनाया। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के बारे में यह एक अटल सच्चाई है कि भले ही हमारी आबादी देश में मात्र 2 प्रतिशत है, लेकिन बलिदानों में हमारा योगदान 90 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिबानों के समय से लेकर भारत की आज़ादी के संघर्ष तक और आज भी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सबसे अधिक शहादतें सिख कौम द्वारा दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को बड़ी संख्या में संगतों ने भाई लखी शाह वंजारा हॉल से सहज पाठों की श्रृंखला की शुरुआत की थी। जबकि आगामी 23, 24 और 25 नवंबर को लाल किले में बड़े स्तर पर समागम होंगे, जिनकी तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। उन्होंने अपील की कि जहाँ भी ये 57 गुरमत कार्यक्रम हो उनमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और गुरु साहिब की खुशियाँ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी का यह प्रयास है कि गुरु साहिब की शहादत का इतिहास हर घर तक पहुँचे और हर व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुँचे। उन्होंने संगतों से यह भी अपील की कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनें और अपने आसपास के हर व्यक्ति को हमारे महान इतिहास से परिचित करवाएँ।

## होलंबी कलां में पिछले साल बरामद 10 बम सुरक्षित तरीके से किए गए नष्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के होलंबी कलां इलाके से पिछले साल बरामद किए गए 10 देसी बम सोमवार को बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) द्वारा सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 286 (विस्फोटक पदार्थों के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के संबंध में ये विस्फोटक बरामद किए गए थे। विस्फोटकों की बरामदगी के बाद एहतियात के तौर पर उन्हें होलंबी कलां में एक निर्धारित भूखंड में सुरक्षित रूप से जमीन में दबा दिया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि संबंधित एजेंसियों को उनके सुरक्षित निपटान के लिए एक औपचारिक अनुरोध भेजा गया। इसके जवाब में, एनएसजी, बीडीएस बाहरी-उत्तरी दिल्ली पुलिस और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल)-रोहिणी की टीम घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हुए बीडीएस और एनएसजी टीम ने स्थल का गहन निरीक्षण किया और निपटान प्रक्रिया को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी 10 बम को बिना किसी अप्रिय घटना के सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि किसी भी संभावित खतरे को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह निपटान महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## विद्यार्थियों को स्वयं को खोजने का स्थल है कॉलेज : डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कॉलेज केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि एक जीवन यात्रा है जहाँ आप स्वयं को खोजते हैं, रिश्ते बनाते हैं और समय प्रबंधन का कौशल सीखते हैं। उत्तर-पूर्वी जिले के जिलाधिकारी अजय कुमार (भा.प्र.से) ने डीयू के डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में सोमवार को नवागंतुक छात्रों के लिए परिचयात्मक सत्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने ने बताया कि जब विद्यार्थी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर निकलते हैं, तो उनके पास केवल डिग्री ही नहीं होती बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सोचने की समझ भी विकसित हो चुकी होती है। इस अवसर पर प्रो. बिजेन्द्र कुमार समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष पंकज त्यागी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता किसी मंज़िल का नाम नहीं, बल्कि उस रास्ते का नाम है जो आपको हर दिन बेहतर बनाता है। कॉलेज में बिताया गया समय सबसे मूल्यवान होता है, जो आपके भीतर बदलाव लाता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सदानंद प्रसाद ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कॉलेज उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ-साथ जीवन मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन की क्षमता और स्वतंत्र सोच के लिए तैयार करता है।

## निगम में शिक्षकों की कमी, सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में शिक्षा का बुनियादी ढांचा खुद बदहाली की कहानी कह रहा है और करीब 8 हजार शिक्षकों की कमी बताई गई है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को मज़बूत करने के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। इसमें टॉयलेट्स, पीने के पानी, क्लासरूम मरम्मत, फर्नीचर, ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट क्लास जैसे बुनियादी सुधार शामिल हैं। लेकिन इसके विपरीत, सीसीटीवी कैमरे लगाने के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत किया जा रहा है। निगम शिक्षकों ने मीडिया के माध्यम से सवाल किया है कि जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं हैं, जब कक्षाएं टूट रही हैं, तब ये कैमरे किसे दिखाने के लिए लगाए जा रहे हैं? क्या ये शिक्षा का सशक्तीकरण है या केवल निगरानी का ढोंग?

## बिजली चोरी पर कंपनी सख्त, कोर्ट ने दी तीन महीने की सजा और 13 लाख से अधिक का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निजी बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर डीडीएल विद्युत चोरी को लेकर सख्ती करती आ रही है। इस बारे में कंपनी ने बताया कि बिजली चोरी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। कंपनी का दावा है कि विशेष विद्युत अदालत रोहिणी ने शालीमार बाग निवासी बलराम राय को बिजली चोरी का दोषी पाए जाने पर 13.78 लाख के आर्थिक दंड और तीन महीने के कारावास की सजा सुनाई है। यह आदेश अदालत के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने टाटा पावर-डीडीएल द्वारा उपलब्ध कराए गए तकनीकी एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर दिया है। अदालत ने अभियुक्त को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली चोरी) और 138 (मीटर या लाइसेंसी के कामकाज से छेड़छाड़) के तहत दोषी करार दिया। कंपनी के अनुसार टीपीडीडीएल की प्रवर्तन टीम ने 31 जुलाई 2018 को बलराम राय के व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर छापा मारकर ई-रिक्शाओं की अनधिकृत चार्जिंग का खुलासा किया था। निरीक्षण में 18.045 केवी का गैर-घरेलू लोड पाया गया और आरोपी पर 13,56,945 रुपए की देनदारी तय हुई। कंपनी द्वारा रखे गए पुख्ता सबूत के आधार पर अदालत ने बलराम राय को सजा सुनाई है। इससे पहले, 08 जुलाई 2025 को इसी अदालत ने मंगोलपुरी निवासी मुकेश कुमार को टाटा पावर-डीडीएल की एलटी एबीसी तारों से बिजली चोरी का दोषी पाए जाने पर तीन महीने की जेल और 13.78 लाख की देनदारी ठहराई थी। मुकेश कुमार ने अपनी मां के नाम पर मीटर रजिस्टर करके चोरी छिपाने की कोशिश की थी। कंपनी का कहना है कि टाटा पावर डीडीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 7 मामलों में दोषियों को सजा दिलाई है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा बिजली चोरी गंभीर अपराध है। इससे न केवल बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर असर पड़ता है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ता भी प्रभावित होते हैं। अदालत के ये फैसले बिजली चोरी के खिलाफ सख्त संदेश हैं(और हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

**PUBLIC NOTICE**

We " **Pace Stock Broking Services Private Limited**" are going to surrender our SEBI registration certificate as a Research Analyst vide registration number **INH100004553** and that if anyone has any grievances, they can lodge the grievances at **scores.gov.in**

**Prabhat Sharma**
Compliance officer
**Address :** C-3, Okhla Industrial Area, Phase-1, Delhi-110020

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अयूब पुत्र** अली अहमद **निवासी** C-4/456, एलएनजेपी कॉलोनी, दिल्ली ने **FIR No. 193/25 U/s 110/115 (2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023 थानाः आई. पी. एस्टेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अयूब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अयूब** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 193/25 U/s 110/115 (2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023 थानाः आई. पी. एस्टेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अयूब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीती
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 150
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/10262/CD/2025**
**(Court Matter)**

# फाइल पर साइन कराने के लिए मांगे एक लाख रुपए

# निगम के उप सफाई निरीक्षक पर लगे कई गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ डीसी कार्यालय ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मध्य जोन, लाजपत नगर-2 स्थित कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मियों ने वार्ड संख्या 183 के सफाई उप निरीक्षक नानक चंद भारद्वाज के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। सफाई कर्मियों का आरोप है कि नानक चंद जातिवादी व्यवहार, गाली-गलौज, तनख्वाह में कटौती, और घूस मांगने जैसे कार्यों में लिप्त हैं। शिकायत में कहा गया है कि नानक चंद भारद्वाज, अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ जातिगत भेदभाव करते हैं और बार-बार गालियां देते हैं। इतना ही नहीं, नियमित रूप से ड्यूटी पर आने वाले कर्मियों की भी उपस्थिति को भी अनुपस्थिति में दर्ज किया जाता है, जिससे उनकी वेतन में कटौती हो रही है। वहीं, इस मामले में सफाई कर्मियों की यूनियन में पदाधिकारी नवीन वैध ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ नारे से नहीं चलेगा, जब तक सफाईकर्मी खुद सुरक्षित और सम्मानित महसूस न करें। नवीन वैध ने जनहित में अपील की है कि नगर निगम को चाहिए कि निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। सफाई कर्मियों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा हो और ऐसे मामलों को दबाने के बजाय सार्वजनिक किया जाए ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

### परेशान होकर एक कर्मचारी ने खाया जहर

शिकायत में यह भी दर्ज है कि जब एक कर्मचारी राकेश ने अपनी फाइल पर हस्ताक्षर करवाने के लिए आग्रह किया, तो निरीक्षक ने एक लाख रुपये की मांग की। पैसे न देने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया, जिससे वह जहर खाने को मजबूर हो गया। राकेश का उपचार अभी भी चल रहा है और उसकी चिकित्सकीय रिपोर्ट भी शिकायत के साथ प्रस्तुत की गई है।

### नगर निगम ने संज्ञान लेकर दिया नोटिस, कार्रवाई शुरू

इस गंभीर प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए डेम्स के प्रशासनिक अधिकारी ने सफाई निरीक्षक नानक चंद भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार कहा गया है कि आपको 48 घंटे के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा मामला उच्च अधिकारियों को भेजकर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि चार अगस्त 2025 को यह शिकायत दी गई और नोटिस भी जारी किया गया है।

**हरियाणा सरकार** **शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.122120 DATED 04.06.2025 (EPC-D NC.129/PD&C) | शुद्धिपत्र खुलने की तिथि 3IS01.08.2025 ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार सहित 11.08.2025 17:00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37307/I/88/7 दि. 04.08.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईई नरवाना (हरियाणा) में टर्नकी आधार पर 2×12.5 एमवीए 33/11 केवी इंडोर सब स्टेशन का इलैक्ट्रिकल और सिविल कार्य हेतु डिजाइन, उत्पादन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। | 01.08.2025 19.08.2025 | 6,25,02,602/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2567482 se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37304/I/88/7 दि. 04.08.25

### दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रनायक की भूमिका निभाई

# ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन महादेव ने राष्ट्र का बढ़ाया गौरव : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन महादेव एक सैन्य अभियान नहीं था, वह देश के हर परिवार के सम्मान का प्रतीक था। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव पर विधानसभा में रखे गए धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कही। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर' और ऑपरेशन महादेव की सफलता को राष्ट्र के गौरव से जोड़ा और भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दृढ़ शक्ति वाले राष्ट्र नायक की भूमिका निभाते हुए भारत की सभी बहनों का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष का कटघरे में खड़ा किया और कहा कि विपक्ष और उसके नेताओं ने कभी भी देशहित की परवाह नहीं की और भारत की गरिमा को नीचा दिखाने के लिए लगातार षडयंत्र किए।



सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख जनता के भरोसे पर रहती है। ऑपरेशन सिंदूर उत्तर था, उन सभी आंसुओं का जो हमारी बहनों की आंखों से निकले। प्रधानमंत्री ने एक साहसी पिता, एक संवेदनशील भाई और एक दृढ़ शक्ति वाले राष्ट्र नायक की भूमिका निभाते हुए भारत की सभी बहनों का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल और उसके नेता अपने स्वार्थों के चलते देशहित से लगातार दूर होते जा रहे हैं। इन्हें देश विरोधी ताकतों से प्यार है, जहां इनको अपना प्रतिबिंब दिखता है। भारत की प्रगति में, भारत के आगे बढ़ने में यह लोग खुश नहीं हैं। ये चाहते हैं कि देश पिछड़ा रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा हुई तो विपक्ष ने कई सवाल उठाए। जिनको अपनी देश की सेना के वक्तव्य पर विश्वास नहीं, जिनको अपने प्रधानमंत्री पर विश्वास नहीं, वह विश्वास करते हैं दूसरे देशों के आकाओं पर। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सेनाएं आज भी उसी वीरता और निष्ठा से राष्ट्र की रक्षा कर रही हैं, जैसा उन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों में किया था। लेकिन उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उन ऐतिहासिक सैन्य जीतों के बावजूद राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव क्यों दिखाया। उन्होंने कहा कि 1965 के युद्ध में जब भारत ने विजय पाई थी, तो क्यों हमारी सरकारें दबाव में आकर जीती हुई जमीनें लौटा आईं? क्यों संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका की मध्यस्थता स्वीकार की गई? और 1971 में, जब भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को बंदी बनाया, तब उन्हें बिना किसी शर्त के क्यों छोड़ दिया गया?

#### कपिल मिश्रा ने विपक्ष पर उठाए सवाल

चर्चा के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा, जानबूझ कर विपक्ष सेना के शौर्य पर चर्चा रोक रहा है। जब-जब आतंकवादी मरेगा, तब तब केजरीवाल के चमचे रोएंगे। बीजेपी विधायक अभय वर्मा ने कहा कि जब पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारतीय सेना बमबारी कर रही थी, तब पाकिस्तान ने इसे रोकने की मांग की। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा इस सदन की पवित्रता के लिए प्रस्ताव पर चर्चा जरूरी था। जब-जब कोई आतंकी मरता है आपिया रोता है। ऑपरेशन सिंदूर ऐसा ऑपरेशन था जिसमें एटॉमिक बेस को टारगेट किया गया। इस बार वो आतंकी मारे गए जिन्होंने इजरायल और यूएसए पर हमला किया था।

#### विपक्ष के सदस्य संजीव झा मार्शल से किए गए सदन से बाहर

विपक्ष के सदस्य संजीव झा ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के नाम का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना को अपनी कार्रवाई करने से रोकने पर प्रधानमंत्री ने कायराना हरकत की, जिस पर सत्ता पक्ष के विधायक आपत्ति करने लगे। लेकिन संजीव झा ने बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया, तब विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मार्शल को उन्हें बाहर करने का आदेश दिया। जिसके बाद मार्शलों ने उन्हें सदन से बाहर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक और हालिया ऑपरेशन महादेव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि यह सरकार न तो झुकती है, न रुकती है, न थमती है, बल्कि देश के हर सवाल से लड़ती है। उन्होंने कहा कि जिस नेता ने मिट्टी की खुशबू से रिश्ता निभाया है, उस दीपक का नाम मोदी कहलाता है।

## स्कूल फीस विधेयक के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में सभी विपक्ष के सदस्यों ने भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली विधानसभा में लाए गए स्कूल फीस विधेयक के खिलाफ सोमवार को विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इससे पहले, नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में विपक्ष के सभी सदस्यों ने विधेयक के विरोध में सदन से वॉकआउट कर दिया। आतिशी ने कहा कि अप्रैल से जुलाई तक किसी न किसी बहाने से भाजपा जानबूझकर बिल को टालती रही, ताकि प्राइवेट स्कूल आराम से फ़ीस बढ़ा लें और अभिभावकों से जबरन वसूली कर सकें। आतिशी ने दो मांग रखी जिनमें पहला, विधेयक को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाए, ताकि अभिभावकों और विशेषज्ञों की राय ली जा सके और दूसरा, सभी स्कूलों की फीस को 2024-25 के स्तर पर स्थिर किया जाए, ताकि प्राइवेट स्कूल मनमानी न कर सकें। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली के बच्चों और माता-पिता के हक की लड़ाई लड़ेगी और भाजपा को जनता की सुननी पड़ेगी।

## सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने किया विधानसभा का घेराव सरकार की नाकामियों व झुग्गियां तोड़ने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन दिल्ली कांग्रेस ने सीएम रेखा गुप्ता को घेरते हुए भाजपा सरकार की नाकामियों के लिए मोर्चा खोल दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा का घेराव किया। यादव ने मांग की है कि दिल्ली की हजारों झुग्गीवालों को उजाड़ने की बजाए उनको जहां झुग्गी वहीं मकान दो। यादव के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस का हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। बाद में पुलिस ने यादव सहित कई कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर बैनर पकड़े हुए थे जिन पर जहां झुग्गी वहीं मकान, झुग्गी तोड़ना बंद करो, दिल्ली में




अपराध को रोकने में नाकाम ट्रिपल सरकार जैसे कई नारे लिखे हुए थे। घेराव में यादव के अलावा दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व सांसद रमेश कुमार, कृष्णा तीरथ, डॉ. उदित राज, संदीप दीक्षित, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, डॉ. नरेंद्र नाथ, मंगत राम सिंघल, किरण वालिया और राजेन्द्र पाल गौतम तथा कम्युनिकेशन विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

इस मौके पर यादव ने कहा कि झुग्गी झौपड़ी वालों की निर्णायक लड़ाई के लिए प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की तानाशाह पुलिस से डरने वाला नहीं है, उन्हें उनका हक दिलाकर रहेगा।

### सावन के चौथे व अंतिम सोमवार को हर-हर महादेव उद्घोष के साथ मंदिरों में उमड़ी भीड़

नई दिल्ली। सावन माह के अंतिम सोमवार को दिल्ली के अधिकांश छोटे बड़े शिव मंदिरों में हर हर महादेव के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने अपनी श्रद्धानुसार महादेव स्वरूपी शिवलिंग पर फल, फूल, भांग, धतूरा, मिष्ठान व जल आदि से अभिषेक कर सुख शांति की कामना की। दिल्ली के बड़े व प्रसिद्ध शिव मंदिरों में शामिल यमुना बाजार रिंग रोड स्थित पांडव कालीन नीली छतरी वाला शिव मंदिर, चांदनी चौक का गौरी शंकर मंदिर, श्री कालकाजी शक्तिपीठ स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर आदि शामिल है।

### मुख्यमंत्री ने दिल्ली की समृद्धि, सुख और शांति के लिए किया रुद्राभिषेक

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सावन के अंतिम सोमवार को अशोक विहार फेज-वन स्थित वैद्यनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक किया। इस विशेष अनुष्ठान के माध्यम से मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। पूजन विधि के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने शिवलिंग का दुग्धाभिषेक किया और गंगाजल, घी, दही, शक्कर एवं अन्य पवित्र सामग्रियों से भगवान रुद्र की आराधना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावण का यह पुण्य अवसर हमें श्रद्धा, सेवा और संस्कृति के मूल्यों को पुनः जागृत करने का सशक्त माध्यम देता है। भगवान शिव के चरणों में यह रुद्राभिषेक राजधानी में आध्यात्मिक ऊर्जा, सामाजिक समरसता और शांति की भावना को सुदृढ़ करने हेतु किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धा और सेवा के दो स्तंभ किसी भी समाज को प्रगति के पथ पर ले जाते हैं।

## गैरकानूनी फीस वृद्धि करने पर स्कूल पर लगेगा 10 लाख रुपए तक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली विद्यालय शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 पेश किया। इस विधेयक में गैरकानूनी रूप से फीस बढ़ाने पर स्कूल पर 1 से 10 लाख रुपए तक का दंड लगाने का प्रावधान रखा गया है। वहीं, दुबारा गलती करने पर जुर्माना डबल/ट्रिपल का प्रावधान है वहीं अगर किसी छात्र का नाम काटा गया या अपमानित किया गया तो 50 हजार रुपए प्रति छात्र जुर्माना लगाने का प्रावधान है। वहीं बार-बार उल्लंघन करने पर स्कूल की मान्यता रद्द करना या सरकार द्वारा उस स्कूल का संचालन करना भी संभव होगा। दिल्ली विधानसभा में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इस विधेयक को पेश करते हुए कहा कि इसमें दिल्ली के लाखों अभिवाकों, करोड़ों बच्चों और एक ऐसी विरासत की समस्या का स्थायी



समाधान लेकर आया हूँ, जिस दशकों तक नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा की शिक्षा एक पवित्र कार्य है एक ऐसा कर्तव्य जो हमें अपनी मातृभूमि की तरक्की और समृद्धि के लिए निभाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मकसद पैसा कमाना नहीं, बल्कि पढ़ाई और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए। मंत्री ने बताया कि यह शिक्षा का बिल दिल्ली के सभी पेरेंट्स के लिए हमारी ओर से एक छोटा-सा प्रयास है। डॉ. मुखर्जी के विजन को सम्मान देने का, और यह सुनिश्चित करने का कि शिक्षा दिल्ली के लोगों पर बोझ न बने, बल्कि उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाने वाला रास्ता बने। उन्होंने बीते वर्षों में सरकारी शिक्षा तंत्र की गिरती गुणवत्ता, स्कूलों की भारी कमी, और निजी स्कूलों की फीस वृद्धि की वजह से माता-पिता की वित्तीय और मानसिक कठिनाइयों का भी अपनी चर्चा में उल्लेख किया।

## बारिश में तीन इंजन के तीन विभाग भी हो जाते हैं फेल

### श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक प्रवेश द्वार बन रहा परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के सिंधु बॉर्डर स्थित श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक के प्रवेश द्वार के सामने चार दिन पहले हुई बारिश का पानी सोमवार को भी नजर आया। बताया गया कि इस जलभराव के चलते यहां आने वाल पर्यटकों आदि को प्रवेश करते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलभराव की निकासी करने में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के तीनों विभाग भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग और डेम्स विभाग फेल साबित हो रहे हैं। इस संबंध में पहले भी कई बार भारतीय



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई, दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम को भी संपर्क किया गया लेकिन ये विभाग जल निकासी कार्य करने के बजाय एक दूसरे विभाग पर अपनी जिम्मेदारी टालते हुए नजर आए। वहीं, बता दें कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की दिल्ली में सरकार बनने के बाद दिल्ली सरकार के दो कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा भी इसका दौरा कर चुके हैं और मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी बेहतरी के लिए निर्देश दे चुके हैं लेकिन जलभराव की निकासी पर फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि परिसर के साथ बने हुए नाले की सफाई हो जाए तो यहां जलभराव की समस्या नहीं होगी।

### धरने के बाद एबीवीपी ने शुरू की भूख हड़ताल

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र हितों से जुड़ी मांगों की लगातार अनदेखी कर रहे प्रशासन के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और एबीवीपी नेतृत्व वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) ने सोमवार से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। यह भूख हड़ताल 21 जुलाई से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के 15वें दिन शुरू की गई है और जब तक सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह जारी रहेगी। एबीवीपी दिल्ली प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एबीवीपी का यह संघर्ष केवल कुछ मांगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिल्ली विश्वविद्यालय में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्र कल्याण की संस्कृति को स्थापित करने का प्रयास है। जब तक प्रशासन ठोस निर्णय नहीं लेता, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा एवं हम ऐसे ही भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। डूसू के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भूख हड़ताल पर बैठने वालों में डूसू के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं सचिव मित्रविंदा करनवाल के साथ-साथ यश डबास, आर्यन मान, गोविंद तंवर, प्रबल प्रताप सिंह, नितिन तंवर, रोहित डेढ़ा, दीपिका झा, लक्ष्य राज सिंह एवं वंतिका सिंह शामिल हैं।

## एमसीडी की बैठक में आवारा कुत्तों की समस्या पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 'आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या' को लेकर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति द्वारा गठित की गई विशेष 'उप-समिति' की दूसरी बैठक सोमवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह ने की, जिसमें स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा और पर्यावरणविद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मेनका गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक के बाद बताया गया कि इस बैठक का उद्देश्य पशु कल्याण के सिद्धांतों का पालन करते हुए 'दिल्लीवासियों को आवारा कुत्तों की समस्या से राहत' दिलाना रहा। बैठक में प्रमुख निर्णय लिए गए जिसमें एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटरों को सुदृढ़ किया जाएगा ताकि नसबंदी के साथ-साथ कुत्तों के स्वास्थ्य की नियमित जांच (ब्लड टेस्ट आदि) समय पर की जा सके।

### हर ज़ोन में चलाया जाएगा रैबीज़ जागरूकता अभियान

बताया गया कि हर 'ज़ोन में रैबीज़ जागरूकता अभियान' चलाया जाएगा, जिससे नागरिकों को जानकारी मिले और रैबीज़ जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके। साथ ही बताया गया कि दिल्ली नगर निगम 'एनजीओ के सहयोग से कुत्तों में माइक्रोचिप' लगाने की योजना पर काम कर रहा है, जिससे उनकी स्थिति, नसबंदी, और मेडिकल रिकॉर्ड को ट्रैक किया जा सके। भाजपा नेता मेनका गांधी ने निगम की पहल की सराहना करते हुए कहा कि एबीसी सेंटरों को और अधिक मानवीय, सुसज्जित और निगरानी युक्त बनाया जाए। अनुभवी स्टाफ, मेडिकल सुविधाएं और पशु प्रेमी संगठनों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एनजीओ, पशु प्रेमी संगठनों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से एक दीर्घकालिक रणनीति बनाई जानी चाहिए, जिससे समस्या का 'संवेदनशील और टिकाऊ समाधान' संभव हो सके।

### हिंदू राव अस्पताल में महापौर ने किया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान

# दिल्ली को रखना है अपने घर की तरह साफ और सुंदर : इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के हिन्दू राव अस्पताल में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज हम सब यहां श्रमदान करने के लिए आए हैं और इसका उद्देश्य जनता में एक संदेश देना है कि अस्पताल जैसी सार्वजनिक सुविधाएं भी हमारा परिवार हैं और जैसे हम अपने घर को सुंदर रखते हैं वैसे ही दिल्ली को भी साफ एवं सुंदर रखना है। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, सिविल लाइंस जोन की वार्ड समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह,



निगमायुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, सिटी पहाड़गंज जोन की उपायुक्त श्वेतिका सचान, सिविल लाइंस जोन के उपायुक्त अंशुल सिरोही, हिंदूराव अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ आनंद प्रकाश नारनौलिया सहित निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। महापौर ने जनता से कहा कि अब दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार है अगर जनता को लगता है कि कहीं कोई कमी है तो हमें बताएं। उन्होंने कहा कि अगर जनता को कोई समस्या है तो आप क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं वहां आपकी समस्या का तुरंत समाधान होगा। इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 01 अगस्त 2025 से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया है। महापौर ने कहा कि हिंदू राव अस्पताल प्रतिदिन 3000 से 4000 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है और यहां पर 1000 बिस्तर का अस्पताल है। उन्होंने कहा स्वच्छता ही असली सेवा है, हम जितना साफ रहेंगे उतने ही स्वस्थ होंगे।

## खबर संक्षेप

### देसी कट्टा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने के आरोप में क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी गोलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गोलू निवासी पीर कालोनी गांव पाली फरीदाबाद को पाली धौज रोड के पास से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। खिलाफ थाना डबुआ फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी देशी कट्टा को कोसी उत्तर प्रदेश से 5000 रुपए में किसी व्यक्ति से खरीद कर लाया था।

### व्यक्ति पर गोली चलाने के मामले में 2 धराए



**फरीदाबाद।** अपने प्लाट पर पार्टी कर रहे व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने दो आरोपियों को काबू कर लिया है। अशोक निवासी गांव बुढैना फरीदाबाद ने थाना खेडीपुल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 2 अगस्त को अपने प्लॉट में उसके भतीजा होने की खुशी में अपने दोस्तों के साथ बैठकर पार्टी कर रहा था। करीब 1 बजे सचिन नागर व 4-5 अन्य लड़के वहां आए तथा उसके साथ गाली गलोच करने लगे जिसके बाद उस पर फायरिंग कर दी।

### एक लाख 19 हजार रुपए की ठगी, 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर लाखों रूपए की ठगी में खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वाले तीन आरोपियों को साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में अटेरना फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उसे लालच दिखा कर टेलिग्राम टास्क के नाम पर एक लाख 19 हजार रुपए अपने खाता में डलवा लिए और उसको कोई पैसा वापिस नहीं दिया।

# हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड व गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बीच करार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड एवं गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू (सहयोग समझौता) पर हस्ताक्षर किए गए। गुरुग्राम विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. संजय कौशिक, मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार योगी, प्रो. मीनाक्षी श्योराण उपस्थित रहे, वहीं बोर्ड की ओर से उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुमार सुप्रवीण एवं डॉ. दीपा कार्यक्रम में मौजूद रहे। बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने बताया कि यह एमओयू सरस्वती नदी के पुनरप्रवाह के लिए किए जा रहे प्रयासों को जनता तक पहुँचाने, साथ ही इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व वैज्ञानिक महत्व को शैक्षणिक विमर्श से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है।



### सरस्वती नदी के पुनरुद्धार, शोध व जनजागरूकता के लिए मिलकर करेंगे कार्य

इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय कौशिक ने कहा कि सरस्वती केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता एवं अर्थव्यवस्था की मूलधारा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस मिशन में भागीदार बनकर गर्व महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह बताया कि किस प्रकार सरस्वती नदी के प्रवाह को पुनर्जीवित किया जा रहा है और इसका लाभ आम जनमानस तक पहुँच रहा है। बोर्ड के सीईओ व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कुमार सुप्रवीण ने बताया कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय में बोर्ड के सहयोग से 'सरस्वती लाइब्रेरी' की स्थापना की जाएगी, जिसमें सरस्वती नदी से जुड़े विषयों पर पाठ्यक्रम निर्माण व शोध को प्रोत्साहन मिलेगा। मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश योगी ने बताया कि सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक व तकनीकी पक्षों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म, न्यूज़लेटर एवं अन्य मीडिया प्रोडक्ट्स का निर्माण विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। धूमन सिंह किरमच ने विश्वविद्यालय के कुलपति व समस्त टीम का आभार जताते हुए कहा कि पर्यावरण एवं जल संकट के इस दौर में विश्वविद्यालय का सहयोग बोर्ड की क्षमता को और अधिक सशक्त करेगा।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को फरीदाबाद में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, सीएम नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि

# बैठक में अध्यक्ष बड़ौली ने कहा- भारत के विभाजन के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा ने भारत के विभाजन की त्रासदी को याद करने के लिए 14 अगस्त को फरीदाबाद में राज्य स्तरीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। 14 अगस्त की सायं मौन यात्रा भी निकाली जाएगी। फरीदाबाद में होने वाले कार्यक्रम की योजनाए रचना को लेकर सोमवार को फरीदाबाद के भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में फरीदाबाद लोकसभा की बैठक हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भारत के विभाजन के लिए कांग्रेस पार्टी को जिम्मेदार बताया। बैठक को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं विभाजन विभीषिका समिति के प्रदेश संयोजक डा.कृष्ण लाल मिड्ढा, पूर्व सांसद संजय भाटिया एवं जगदीश चौपड़ा ने भी संबोधित किया।

बड़ौली ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर 14 अगस्त को फरीदाबाद के दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा जिसमें प्रदेश भर के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे तथा मंत्री, विधायक और सांसद भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलस्टर प्रमुखों की नियुक्ति कर जिम्मेदारी दे दी गई है।

**खास बातें**

- विभाजन विभीषिका पर 6 से 8 अगस्त तक जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे
- प्रदर्शनी और संगोष्ठियों का आयोजन होगा
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत 10 से 13 अगस्त तक निकाली जाएंगी तिरंगा यात्राएं



### महापुरुषों के स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा

डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा को पंचकूला, अंबालाख, यमुनानगर और कुरूक्षेत्र का कलस्टर प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसी तरह से जगदीश चौपड़ा को डबवाली, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी, भिवानी, दादरी और मनीष ग्रोवर को सोनीपत, गोहाना, जींद, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद संजय भाटिया को गुरुग्राम शहरी तथा ग्रामीण नूंह, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल का कलस्टर प्रमुख नियुक्त किया है, वहीं सुभाष सुधा को करनाल, कैथल और पानीपत कस्टर प्रमुख की जिम्मेदारी दी है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि विभाजन विभीषिका भारत के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश और प्रदेश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का पार्टी ने निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका को लेकर 6 से 8 अगस्त तक जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे, प्रदर्शनी लगाई जाएंगी व संगोष्ठियों का आयोजन होगा, वहीं 14 अगस्त की सायं को मौन पद यात्रा भी निकाली जाएगी। बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 377 मंडल हैं। 10 अगस्त से 13 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। शहीदों की प्रतिमाओं व महापुरूषों के स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक से पहले प्रेसवार्ता कर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बड़ौली ने कहा कि विभाजन विभीषिका की त्रासदी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझाए इसलिए भाजपा बड़े स्तर पर कार्यक्रम करके विभाजन विभीषिका की त्रासदी को स्मृति दिवस के रूप में मनाती आ रही है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता पाकिस्तान से आए लोगों को घर-घर जाकर निमंत्रण देंगे और कार्यक्रम में शामिल कर उनको सम्मानित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 14 अगस्त 1947 को लागू हुए विभाजन से लाखों लोगों की जान गई ।

### कांग्रेस ने कभी भी पाकिस्तान से आए लोगों का दर्द नहीं समझा: डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा

विधानसभा के डिप्टी स्पीकर व विभाजन विभीषिका समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा ने कहा कि बंटवारे से पहले देश में खुशी का माहौल था। हर व्यक्ति के आजादी को लेकर सपने थे। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को धर्म को लेकर देश का बंटवारा हुआ जिसकी बहुत बड़ी कीमत हमने चुकाई है। बंटवारे के दौरान 10 लाख से अधिक लोग मारे गए और एक करोड़ के करीब लोग विस्थापित हुए।मिड्ढा ने कहा कि बंटवारे का दुख और दर्द हम सभी ने झेला है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी पाकिस्तान से आए लोगों का दर्द नहीं समझा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए श्री मिड्ढा ने कहा कि पीएम मोदी ने बंटवारे की त्रासदी और विस्थापित लोगों के दुख दर्द को समझा है।बैठक में हरियाणा विधानसभा के उपसभापति एवं विभाजन समिति कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक डॉक्टर कृष्णलाल मिड्ढा, पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के प्रदेश क्लस्टर हेड जगदीश चोपड़ा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी, बल्लभगढ़ से विधायक पूर्व मंत्री मूलचन्द शर्मा, विधायक सतीश फागना, बड़खल से विधायक धनेश अदलखा, होडल से पूर्व विधायक रामरतन, फरीदाबाद नगर निगम महापौर प्रवीण जोशी, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता, दीपक मंगला, जगदीश नायर, प्रवीण डागर, टेकचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, फरीदाबाद जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, फरीदाबाद महानगर जिला प्रभारी कमल यादव, फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, फरीदाबाद महानगर के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, पलवल जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं राजकुमार वोहरा, पलवल पूर्व जिला अध्यक्ष गिर्राज डागर, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व चेयरपर्सन गार्गी कक्कड़, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, मनोज रावत, जिला महामंत्री प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, जयराम प्रजापत, दिनेश कौशिक, अनुराग गर्ग, कवींद्र चौधरी, पार्षद गण, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस ने तैयार की एआई आधारित कार्ययोजना

# सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित होगी गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की यातायात व्यवस्था अब सुरक्षित सुगम और सुव्यवस्थित करने के लिए पुलिस एक्टिव मॉड़ में आ गई है। इसके लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की है जिसमें पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। वही संसाधनों में भी इजाफा किया गया है।

इस विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने मंगलवार को मीडिया के समक्ष दी समक्ष दी। उन्होंने दावा किया कि नया प्लान लागू होने से निश्चित तौर पर आम लोगों को यातायात की समस्या से निजात मिलेगी। बेहतर यातायात प्रबंधन एवं एआई (एआई) आधारित स्वचालित चालान प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने लिए आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) क्रियान्वयन करने एवं पुलिस कमिश्नर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा है।



### कर्मियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई

प्रियदर्शी ने बताया कि गाजियाबाद को तीन जोन एवं नौ सब जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन के पर्यवेक्षण के लिए सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के तीन अधिकारियों को जोनल प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। जबकि प्रत्येक सब जोन में सब जोनल प्रभारी के रूप में यातायात निरीक्षक स्तर के नौ अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यातायात के घनत्व एवं बढ़ती आवश्यकताओं के दृष्टिगत, यातायात पुलिस बल में कर्मियों की संख्या में भी न केवल बढ़ोतरी की गई है।

### चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सड़क सुरक्षा एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथ ही बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहनों का चिन्हीकरण किया जा रहा है, तथा इनके आरसी व डीएल सस्पेंड के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित करने की कार्यवाही प्रचलित है। उन्होंने बताया कि स्कूल,कॉलेज में बिना मानकों के संचालित बसों,वैन,ऑटो,ई -रिक्शा के विरुद्ध प्रभावी चेकिंग अभियान चलाकर इनके विरुद्ध सीज की कार्यवाही के साथ साथ आरसी व डीएल सस्पेंशन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, समस्त ऑटो एवं ई-रिक्शा को विभिन्न रूट एवं यूनिक नंबर आवंटित किए जाएंगे, प्रत्येक रूट को अलग-अलग कलर प्रदान किया जाएगा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेश कुमार पुत्र सुगन राम पता आरजेड–सी 100, डाबरी एक्सटेंशन सागरपुर, दिल्ली ने एफआईआर सं. 458/2020 धारा 33 दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः सागरपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नरेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नरेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 458/2020 धारा 33 दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः सागरपुर, दिल्ली **के उक्त नरेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं.18, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10332/SW/2025


सुनाई निजी जुड़ी यादें, उनकी विचारधारा और संघर्ष सदा अमर रहेगा

# झारखंड के दिग्गज नेता शिबू सोरेन के निधन पर पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एनआईटी फरीदाबाद से विधायक रहे नीरज शर्मा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता गुरुजी शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुजी को देश की राजनीति का मजबूत स्तंभ बताते हुए उन्हें संघर्ष, सादगी और समर्पण की प्रतिमूर्ति कहा। नीरज शर्मा ने कहा कि गुरुजी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन की आत्मा थे। उन्होंने झारखंड को एक अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विचारधारा और संघर्ष सदा अमर रहेगा।

### गुरुजी के साथ बिताए पलों को किया सांझा

भावुक नीरज शर्मा ने गुरुजी के साथ बिताए कई व्यक्तिगत अनुभव भी सांझा किए। उन्होंने बताया कि जब वे रांची में मुख्यमंत्री सचिवालय में ओएसडी थे, तब गुरुजी ने उन्हें एक बेटे की तरह स्नेह दिया। उन्होंने कई बार गुरुजी के साथ घर जैसा माहौल महसूस किया, दोपहर का घरेलू भोजन, प्याज के पकौड़े, और रांची की सहज सादगी, सभी पल आज स्मृति बन चुके हैं। नीरज शर्मा ने एक विशेष किस्सा साझा करते हुए कहा कि श्तमाड़ उपचुनाव के समय जब मैंने अपना इस्तीफा दिया ताकि चुनाव की तैयारी में पूरी तरह लग सकूं, तो गुरुजी बोले बेटा, तेरा शरीर मोटा है, आईबी की रिपोर्ट है, वहां कैन.बम आ सकता है। अगर तुझे कुछ हो गया तो मैं तुम्हारे माता-पिता को क्या जवाब दूंगा।

### गुरुजी का राजनीतिक जीवन

शिबू सोरेन का राजनीतिक जीवन बिहार विधानसभा, झारखंड विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा तक फैला रहा। उन्होंने जनजातीय अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय की बुलंद आवाज बनकर संघर्ष किया। वह जनता के सच्चे सेवक थे, जिनका जीवन सादगी से भरा था।

जरूरतमन्द लोगों को बहुत कम कीमत पर होगा इलाज

# रोटरी क्लब फरीदाबाद सैफायर्स ने चैरिटेबल डेंटल क्लिनिक का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सैफायर्स और ऐब्सलूट डेंटल केयर के संयुक्त सहयोग से एक चैरिटेबल डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी द्वारा एनआईटी-5, फरीदाबाद में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रवि गुगनानी के साथ गेस्ट ऑफ ऑनर रोटेरियन अजीत जालान उपस्थित रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी मौजूद रोटरी सैफायर्स के सदस्यों को संबोधित किया। रोटरी प्रधान अंजू श्रीवास्तव और डॉ. सरू मनचंदा जिनकी अगुवाई में ये क्लिनिक चलाया जा रहा। उन्होंने बताया कि इस क्लिनिक पर सभी जरूरतमन्द लोगों को बहुत कम कीमत पर बहुत अच्छा दांतों का इलाज किया जाएगा ताकि कोई मरीज पैसे की तंगी से ईलाज से वंचित न रह जाए। रोटरी सैफायर्स की तरफ से सचिव रजनीश मलिक, कोषाध्यक्ष दलीप वर्मा, नरेश मलिक, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, राकेश जैन, गीता जैन, मीनू वर्मा, पंकज निगम, सीमा, सोमेश्वर सिंह, डॉ. धीरज मौजूद रहे।



### विदेश भेजने के नाम पर महिला से ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में विदेश भेजने के नाम पर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है।

बेटी के साथ विदेश घूमने की चाह में महिला को वेबसाइट के जरिए एक टूर प्रोवाइडिंग कंपनी ने चूना लगा दिया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र.सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | एम.सी. नांगल चौधरी में रोज के म्यूनिसिपल ठोस कचरे की प्रोसैसिंग। | बंद होने को तिथि 05.08.2025 | रु. 6,66,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37318/I/88/7 दि. 04.08.25


आगामी जनगणना के लिए फरीदाबाद में होगा प्री टेस्ट

# जनगणना की प्रस्तावना की तैयारी को लेकर आयोजित की गई पहली बैठकः आयुक्त खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार द्वारा 2027 में कराए जाने वाली जनगणना की तैयारी को लेकर निदेशक जनगणना निदेशालय हरियाणा चंडीगढ़ ललित जैन आईएएस सोमवार को फरीदाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ जनगणना की प्रस्तावना को लेकर पहली बैठक की। बैठक में एडिशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर डॉ. विजयपाल यादव के अलावा सभी क्षेत्रीय कर अधिकारी मौजूद रहे। निदेशक जनगणना निदेशालय हरियाणा चंडीगढ़ ललित जैन ने बैठक में सभी को अवगत कराया कि फरीदाबाद निगम क्षेत्र को जनगणना की प्री टेस्टिंग के लिए चुना गया। बैठक में तय किया गया है कि नगर निगम के पुराने वार्ड 24 में जनगणना की पहली प्री टेस्टिंग की जाएगी।

### बैठक में तैयारियों पर चर्चा की गई



उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों पर जनगणना का कार्य 2027 से शुरू होना है। जनगणना की प्रस्तावना को लेकर आयोजित की गई। इस पहली बैठक में निदेशक जनगणना निदेशालय हरियाणा ललित जैन ने मीटिंग में जानकारी सांझा करते हुए कहा कि भारत सरकार के जनगणना के इस कार्य में सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन का भी सहयोग लिया जाएगा। पहली बैठक में तैयारियों पर चर्चा के साथ-साथ इस कार्य को संपन्न कराने के लिए नोडल ऑफिसर अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजयपाल यादव को नियुक्त किया गया है । निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 24 के लगभग 42 ब्लॉक के अंदर यह जनगणना का सर्वे


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र.सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला हिसार- कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा विधानसभा क्षेत्र) ग्रुप नं. 15 में 3 अदद सड़क का चौड़ाकरण और मजबूतीकरण (I) बसरा से गोरची सड़क आरडी 0.00 से 2.900 तक (रोड आईडी 8665), (II) बसरा से मेहरियां राजस्थान बॉर्डर तक रोड आरडी 0.00 से 3.100 (रोड आईडी 4950), (III) सरसाना से बसरा रोड आरडी 0.00 से 3.620 तक (रोड आईडी 4949) + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 3428.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि बंदर ब्रांच पलवल में पलवल विधानसभा क्षेत्र एचएसएएमबी से पीडब्ल्यूडी को स्थानांतरित सीहोल से खेडला रोड (आईडी 12111) आरडी 0.00 से 3.36 कि.मी. तक चौड़ा करना व मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (ग्रुप 5) (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 08.08.2025 | 447.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में (टावर ऑफ जस्टिस) नये न्यायालय परिसर में गैस स्प्रैशन सिस्टम का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 443.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में रादौर में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स का निर्माण। | 02.08.2025 23.08.2025 | 2104.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26 में 6 अदद सड़कों का विकास), (I) पीएसआर रोड से किरंज 0.00 कि.मी. से 1.750 तक (रोड आईडी 3090) (II) बीपीडीएस रोड से चुहरपुर कि.मी. 0 से 0.0750 (रोड आईडी 3100) (III) बीपीडीएस रोड से एनआईएम ओटीएच (आईडी 3094) कि.मी. 0 से 0.450 (IV) बीपीडीएस रोड से बजखेड़ा वाया कुलियाका कि.मी. 0.00 से 2.10 रोड आईडी 3105 (V) कटरिका से बजखेड़ा वाया कुलियाका कि.मी. 0.00 से 2.900 (रोड आईडी 3103) (VI) सरमथला से कुलियाका कि.मी. 0.00 से 3.00 (रोड आईडी 10682)। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 237.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में मेदावास से कुलावास वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 4.70 तक (रोड आईडी 3070) मजबूतीकरण का प्रावधान (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 421.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | जिला गुरूग्राम में विकास के प्रावधान द्वारा 3 अदद सड़कों (I) गुरूग्राम-अलवर रोड से सोहना से दौला कि.मी. 0.00 से 4.70 तक (आईडी 3084) (II) गुरूग्राम अलवर रोड से गढी बाजिदपुर स्कूल भवन तक किमी 0.00 से 3.970 (3110) (III) सोहना से सेम्पकी नंगली (रोड आईडी 3085) (कार्य कार्गक्रम 2025-26) | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 375.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज अम्बाला | बोर्ड्स / होर्डिंग्स पर विज्ञापन हेतु निविदा सूचना। | 25.07.2025 18.08.2025 | 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467533200 gmhramba@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज हिसार | ढाणी गुजरा हांसी में एससी चौपाल का निर्माण (डी-प्लान) + 11 कार्य। | 01.08.2025 13.08.2025 | 92.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | बागवानी विभाग गुरूग्राम | गुरूग्राम में हाईटेक ग्रीन हाउस (एचटीजीएच) की मरम्मत और अपग्रेडेशन। | 04.08.2025 04.09.2025 | ईएमडी 28000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8059016595 dhogurugram0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/200/37321/I/88/7 दि. 04.08.25

## खबर संक्षेप

### बीएसएससी ने 5208 पदों पर निकाली भर्ती



**पटना।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। कार्यालय परिचारी और स्नातक स्तरीय पदों के लिए कुल 5208 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। परिचारी के लिए 25 अगस्त से 26 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन तथा स्नातक स्तरीय पदों के लिए 18 अगस्त से 17 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### अरवल विधायक महानंद सिंह को कोर्ट ने भेजा जेल



**पटना।** अरवल के भाकपा माले के विधायक महानंद सिंह को जहानाबाद व्यवहार न्यायालय स्थित एसडीजेएम मनीष कुमार की अदालत ने न्यायिक हिरासत में मंडल कारा काको भेज दिया। वे एक 24 साल पुराने मामले में अदालत में सोमवार को उपस्थित हुए थे। कोर्ट द्वारा विधायक को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का आदेश देने के बाद अदालत परिसर में खलबली मच गई।

### लापता 3 बच्चों की पानी भरे प्लॉट में डूबने से मौत



**मेरठ।** लापता तीन बच्चों की मौत एक प्लाट में भरे पानी में डूबने से हो गई थी। लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस और घर वाले मौके पर पहुंचे। गुस्साए घर वाले सिवाल चौकी पहुंचे और पुलिस का घेराव कर लिया और बच्चों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के समझाने पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

# शिबू सोरेन ने लंबी बीमारी के बाद ली अंतिम सांस, पार्थिव शरीर रांची पहुंचा, रामगढ़ में किया जाएगा अंतिम संस्कार

## हेमंत बोले- आज हमारे पास शब्द नहीं

शिवा उर्फ शिवलाल उर्फ शिवचरण मांझी से दिशोम गुरु बनने तक का शिबू सोरेन का सफर कई कठिनाइयों से गुजरा है। वह पहली बार अपने गांव के बरलंगा प्रखंड से मुखिया का चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। उसके बाद दो बार विधानसभा चुनाव भी हार गए। फिर सीधे लोकसभा में पहुंचने में कामयाब रहे।

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा के शीर्ष नेता और राज्य के पूर्व सीएम रहे शिबू सोरेन का सोमवार को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका डेढ़ महीने से इलाज चल रहा था।

### यूं ही नहीं बने शिवलाल से 'दिशोम गुरु'

वह पहली बार अपने गांव के बरलंगा प्रखंड से मुखिया का चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। उसके बाद 1972 में जरीडीह से विधानसभा चुनाव लड़े और हार गए। 1977 में वह टुंडी विधानसभा से लड़े, लेकिन फिर हार गए। हालांकि, चुनावों में हारने के बाद भी वह महाजनों के खिलाफ आंदोलन की धार तेज करते रहे और जेल भी गए। उसके बाद उन्होंने संथाल को अपनी राजनीतिक जमीन के रूप में तैयार किया और वहां के हीरो बन गए। 1980 में पहली बार लोकसभा पहुंचने में कामयाब रहे।

इसके बाद वे लगातार 1989, 1991, 1996, 2004, 2009 और 2014 में भी वे सांसद चुने गए।





### अलग झारखंड राज्य बनने के बाद शिबू सोरेन झारखंड के तीसरे मुख्यमंत्री बने

अलग झारखंड राज्य बनने के बाद शिबू सोरेन झारखंड के तीसरे मुख्यमंत्री बने। 2 मार्च 2005 को उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला था, लेकिन 10 दिन बाद ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। वे 2008 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। इस बार 4 महीने 22 दिन तक उनका कार्यकाल चला। बतौर मुख्यमंत्री उनका तीसरा कार्यकाल 30 दिसंबर 2009 से 31 मई 2010 तक चला।

# कहा-मालेगांव पर कांग्रेस की कुत्सित चेष्टा आतंकी कृत्य

## सीएम योगी ने किया 381 करोड़ की 15 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में 381 करोड़ रुपए की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने जातियों के नाम पर लोगों को बांटा और एक परिवार को बढ़ावा दिया। वर्तमान सरकार विरासत को संरक्षित कर रही है और विकास को बढ़ावा दे रही है

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए एक विस्फोट में कांग्रेस की सरकार ने हिंदु नेताओं को अभियुक्त बनाया था। आतंकवादियों के लिए सोफ्ट और राष्ट्रवादी संगठनों को दबाने की कुत्सित मानसिकता आंतकी कृत्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हें विरासत की चिंता नहीं थी। कांग्रेस सरकार में राम सेतु को तोड़ा गया, जब सपा का उसे समर्थन था। कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय में शपथ पत्र देकर रामसेतु को मिथक बताया था। उनके मुताबिक राम और कृष्ण कभी हुए ही नहीं। पिछले 11 वर्षों से भारत और भारतीयता पर हर कोई गर्व करता है।

सहारनपुर के जनमंच सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी के तहत 381 करोड़ रुपए की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न योजानाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने जनमंच सभागार में अपने संबोधन में कांग्रेस और सपा पर निशाना साधा।

### जातियों में बांटती थी पूर्व की सरकारें, अराजकता का था माहौल



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता विरासत का संरक्षण और आम आदमी को विकास के साथ जोड़ती है। पूर्व की सरकारें जातियों के नाम पर तो बांटती थी। सारी योजनाएं एक परिवार तक सीमित रहती थी। एक परिवार पूरे प्रदेश में अराजकता का कारण बनता था। जाति बदनाम होती थी। प्रदेशवासियों के सामने पहचान का संकट खड़ा होता था। अब ऐसा नहीं है। एक ओर यहां अब विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, वहीं मां शाकंभरी का कोरिडोर बन रहा है। हम एलिवेटेड रोड का निर्माण कर रहे हैं। देश-दुनिया के श्रद्धालु हर मौसम में आ सकेंगे।

### सहारनपुर प्रदेश के सबसे कोने का शहर, हताशा-निराशा थी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर प्रदेश में सबसे कोने का शहर है। पूर्व की सरकारों ने इसे किनारे ही कर रखा था। यहां हताशा निराशा थी। पलायन हो रहा था। असमंजस की स्थिति थी। अब डबल इंजन की सरकार के कारण सहारनपुर की निराशा समाप्त हुई है। सरकार सहारनपुर के साथ मजबूती से खड़ी है। सहारनपुर को इसकी विरासत से जोड़ा गया है। मां शाकंभरी का पावन धाम है। मंडल के किसी भी युवा की डिग्री आएगी तो मां शाकंभरी का नाम लिखा जाएगा। विश्वविद्यालय का भवन बन चुका है। हैंड ओवर हो चुका है।*

### घर पर झंडा फहराएं तिरंगा यात्रा निकालें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौ अगस्त का रक्षाबंधन है। रक्षाबंधन काकोरी ट्रेन की घटना का भी दिन है। जिन्होंने अपना देश के लिए बलिदान को स्मरण करने का भी दिन है। 16 अगस्त को योगेश्वर श्रीकृष्ण की जन्मदिवस है।

### प्रत्येक मुख्यालय की निकाय बनेंगी स्मार्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभी 17 नगर निगमों को स्मार्ट सिटी के लिए चयनित किया है। अब इस बजट में हम जिला मुख्यालय के प्रत्येक निकाय को स्मार्ट बनाने के लिए चयन किया जा रहा है।

## सीएम नीतीश कुमार ने की घोषणा

# बिहार में शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल नीति लागू



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने ऐलान किया कि शिक्षकों की बहाली में अब बिहार के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग को संबंधित नियमों में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। ये बदलाव टीआरई-4 से लागू किया जाएगा।

### स्थानीय युवाओं को शिक्षकों की नियुक्ति में मिलेगा लाभ

सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही राज्य में शिक्षा के सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और इसी दिशा में बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि टीआरई-4 की परीक्षा वर्ष 2025 में आयोजित की जाएगी, जबकि टीआरई-5 का आयोजन अगले साल यानी 2026 में होगा। टीआरई-5 के पहले एसटीईटी का आयोजन कराने का निर्देश भी दिया गया है।

### तेजस्वी का तंज-विपक्ष का डर अच्छा है



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया है। डोमिसाइल नीति टीआरई-4 और टीआरई-5 से लागू किया जाएगा। जिस पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। उन्होने कहा कि 20 सालों की थकी-हारी सरकार ने हमारी हर घोषणा, योजना और मांग की नकल कर चुनावी वर्ष में आनन-फानन में ये घोषणा की है। विपक्ष से इनका ये डर अच्छा है। तेजस्वी ने एनडीए सरकार को वैचारिक रूप से दिवालिया बता डाला।

## पेज एक का शेष

### तोप की मारक क्षमता ...

हल्की हैं, जिसकी वजह से तीन के करीब सैन्यकर्मी आसानी से इन्हें संचालित कर सकते हैं। साथ ही इनकी मदद से सेना देश के पहाड़ी और दुर्गम ऊंचाई वाले बर्फीले रेगिस्तानी इलाकों में जरूरत पड़ने पर दुश्मन के ठिकानों पर भी सटीकता के साथ अचूक वार कर सकती है।

### आज एनडीए के संसदीय...

आयोग पर सरकार के पक्ष में काम करने का आरोप लगा रहा है। इसके अलावा, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भी विपक्ष हमलावर है। ऐसे में पीएम मोदी का यह संबोधन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे इन मुद्दों पर एनडीए सांसदों को दिशा दे सकते हैं और विपक्ष के आरोपों का जवाब देने की रणनीति बता सकते हैं।

### भारत की पांच दिवसीय यात्रा...

हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों, क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता को बनाए रखने के मामले पर भी चर्चा की जा सकती है। इस दौरान कुछ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति मार्कोस अपनी पहली राजकीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। विदेश राज्य मंत्री ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रपति की इस यात्रा से भारत और फिलीपींस संबंधों में और अधिक मजबूती आएगी। प्रधानमंत्री के अलावा फिलीपींस के राष्ट्रपति भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा से भी मुलाकात करेंगे।

**फिलीपींस का अनमोल मित्र भारत :** वर्ष 2022 में फिलीपींस के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद उनकी यह भारत की पहली यात्रा है। राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने भारत को अपने देश का अनमोल मित्र बताते हुए कहा यह यात्रा हर फिलीपींस वासी के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता में रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल-टेक्नोलॉजिकल कनेक्टिविटी और पर्यटन जैसे विषय शामिल रहेंगे। राष्ट्रपति फर्डिनेंड के साथ उनकी पत्नी, एक वृहद प्रतिनिधिमंडल और वरिष्ठ अधिकारी भी भारत आए हैं। जिनमें कुछ कैबिनेट मंत्री शामिल हैं।

**पहले भी मिल चुके दोनों शीर्ष नेता :** गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस के बीच पूर्व में भी कुछ मुलाकातें हो चुकी हैं। जिनमें 2023 में जकार्ता और 2024 में लाओस में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में दोनों मिले थे। 2023 में ही भारत-फिलीपींस के तटरक्षक-बलों के बीच सहयोग के लिए एक समझौता भी हुआ था। अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस का बेंगलुरु जाने का भी कार्यक्रम है। जहां उनकी कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात हो सकती है। दोनों देशों के बीच 1949 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

### अंग्रेजों के जबड़े से...

जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल दी। मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। हैरी ब्रूक प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला जीता है। इससे पहले भारत ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट मैचों की 16 सीरीज खेली थीं, जिसमें से 6 बार आखिरी टेस्ट में हार मिली थी और 10 बार आखिरी टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। अब आखिरकार भारतीय टीम विदेश में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला जीतने में सफल रही है।

### सांसदों के लिए नया आवासीय...

पुरानी सरकारी कॉलोनियों की जगह एक नया, व्यवस्थित और सुरक्षित विकल्प भी प्रदान करेगा। नई आवासीय परियोजना दिल्ली के दिल स्थित बाबा खडक सिंह मार्ग, राममनोहर लोहिया अस्पताल के सामने आकार ले चुकी है। इसमें कुल 184 फ्लैट बनाए गए हैं। फ्लैट को पांच हजार स्केवयर फिट में तैयार कियाा गया है। जिसमें पांच सूइट के अलावा, स्टाफ के लिए दो रूम अलग से डिजाइन की गई है। कुल 25 फ्लोर्स के 4 टावर्स बनाये गये हैं।

**पुराने बंगले हो रहे हैं खत्म :** पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली में पुराने सरकारी बंगलों की हालत जर्जर हो गई थी और कई सांसदों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किराए पर रहना पड़ता था। भूमि की कमी के कारण एक ही जगह स्थित कई बंगलों को तोडकर मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग्स तैयार किये जा रहे हैं। परियोजना के तहत कुछ पुराने बंगलों को तोड़कर यह किफायती और बहु-स्तरीय परिसर तैयार किया गया है। आवास मंत्रालय की निगरानी में इसका निर्माण हुआ है, और इसे सीपीडब्लूडी विभाग के द्वारा तैयार किया गया है। माय-वन पद्धति से बनने वाली इन बिल्डिंग को बनने में आधे से भी कम समय लगता है चूंकि ईंटों का काम होता नहीं, छतों की ढलाई होती नहीं, बल्कि आधुनिक डिजाइन और पद्धति से ऐसे बिल्डिंग को आकार दिया जा रहा।

### ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के...

परिभाषित किया है। बल्कि इन 88 घंटों के भीतर ही पाकिस्तान को संघर्षविराम की मांग करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेनाप्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को एक ऐतिहासिक, खुफिया कार्रवाई-संचालित प्रतिक्रिया बताया। साथ ही कहा ये पैमाने, सीमा, गहराई और रणनीतिक प्रभाव की दृष्टि से अभूतपूर्व अभियान था। जिसे डीआईएमई स्पेक्ट्रम में क्रियान्वित किया गया।

**मुस्तैदी से तैयार हैं सशस्त्र सेनाएं :** जनरल द्विवेदी ने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाएं बिना संपर्क युद्ध, रणनीतिक तालमेल और मनोवैज्ञानिक प्रभुत्व से प्रेरित पांचवीं पीढ़ी के संघर्षों के लिए तैयार हैं। स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण के तहत आत्मनिर्भरता के लिए सेना की प्रतिबद्धता पर भी जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईआईटी-एम और भारतीय सेना का यह अग्निशोध अनुसंधान केंद्र अकादमिक उत्कृष्टता को युद्धक्षेत्र नवाचार में बदल देगा और ये विकसित भारत 2047 की ओर भारत की सैन्य यात्रा को शक्ति प्रदान करेगा। दोनों पक्ष प्रोजेक्ट संभव और सेना बेस वर्कशॉप के साथ एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग साझेदारी जैसी पहल नए मानक स्थापित कर रहे हैं। यहां बताते चलें कि यह पहल सेना में व्यापक परिवर्तन लाने वाले आधारभूत ढांचे का हिस्सा है। जिसका संबंध सेनाप्रमुख द्वारा व्यक्त बदलाव के पांच स्तंभों द्वारा निर्देशित है। जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मिशनों के तहत प्रमुख साझेदारों का भी उल्लेख किया। जिसमें एमसीटीई महू एक रणनीतिक साझेदार है। ये केंद्र उभरते हुए क्षेत्रों में सैन्यकर्मियों को कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस संचार और यूएवी प्रणाली इसमें शामिल हैं।

**ओटीए भी गए सेनाप्रमुख :** मंत्रालय ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेनाप्रमुख ने चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) का भी दौरा किया। जहां उन्हें अकादमी के बुनियादी ढांचे, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों और समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए भावी सैन्य अधिकारियों को तैयार करने के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। तीनों सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने सैन्यकर्मियों के समक्ष कहा कि इसने भारत की एक सटीक, दंडात्मक और समन्वित हमला करने की क्षमता को प्रदर्शित किया है। भविष्य के संघर्षों में पारंपरिक सामर्थ्य और आधुनिक क्षमताओं के मिश्रण की आवश्यकता होगी। जहां बूट्स को बॉट्स के साथ स्थान साझा करना होगा। उन्होंने विभिन्न सुधार के जरिए सेना के परिवर्तन के दशक के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पूर्व सैनिकों के एक समूह के साथ भी सेनाप्रमुख की मुलाकात हुई। जिसमें उन्होंने राष्ट्र और बलों के प्रति उनके योगदान की सराहना की।

### गुरुजी ने 'उलगुलान' ...

छोड़कर चले गए हैं। मैं शून्य हो गया हूं। राज्य सरकार ने तीन दिनों के राजकीय शोक का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिबू सोरेन के निधन की सूचना मिलने पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। पीएम मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के परिजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत सांसद को श्रद्धांजलि भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शिबू सोरेन एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध थे। पीएम के गले मिलकर हेमंत सोरेन रो पड़े। शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। झारखंड के पैतृक गांव में कल दोपहर उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाएगा। दोपहर करीब तीन बजे उन्हें मुखाग्नि दी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गजों ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक जताया। राजनीतिक जगत में शून्य पैदा होने और अपूरणीय क्षति की बात कहते हुए ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जैसे लोगों ने भी शोक प्रकट किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनके निधन से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

### पैतृक गांव रामगढ़ जिले...

करेंगे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा।

### शिबू सोरेन खालिस...

81 साल में मिली। शिबू आदिवासियों के सर्वमान्य नेता थे। 11 जनवरी 1944 को पैदा हुए शिबू सोरेन ने झारखंड में उलगुलान की वो आवाज बुलंद की थी जिसे धरती आबा (पृथ्वी के पिता) बिरसा मुंडा ने हुंकार दी थी। बिरसा मुंडा की क्रांति जहां अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ थी, वहीं दिशोम गुरु का प्रतिरोध देश में मौजूद अंदर की व्यवस्था के खिलाफ थी। वे सालों झारखंड के जंगलों में भटकते-फिरते रहे, पुलिस की गोलियां उनका पीछा करती रहीं। उन्होंने जंगलों में रातें गुजारी। 1970 के दशक तक झारखंड के सामाजिक-राजनीतिक नक्शे पर शिबू सोरेन का उदय हो चुका था। 4 फरवरी 1972 को शिबू सोरेन और कॉमरेड एक के रॉय, बिनोद बिहारी महतो के घर में इकट्ठा हुए थे इस बैठक में ये तय किया गया कि झारखंड में बदलाव और राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया जाएगा। इस घटना से इससे एक साल पहले ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बन चुका था और इस काम में बांग्लादेश मुक्ति वाहिनी का अहम रोल था। इसी मुक्ति शब्द से प्रभावित होकर अलग झारखंड के सपने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की गई। कुछ साल गुजरते ही, युवाओं की ताकत आते ही शिबू सोरेन ने धनकटनी आंदोलन शुरू किया। आदिवासी लड़के महाजनों की खड़ी धान की फसल काट लेते थे। इस दौरान आदिवासी युवा तीर-कमान लेकर उनकी रक्षा करते। यही तीर कमान कालांतर में शिबू सोरेन की राजनीतिक पहचान बन गई।

## मुख्तार के बेटे उमर को लेकर गाजीपुर पहुंची पुलिस

# 10 करोड़ की संपत्ति के लिए किया था फर्जीवाड़ा



एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

जालसाजी के मामले में आईएस 191 गैंग के सरगना और माफिया मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को लखनऊ के दारूलशफा स्थित विधायक निवास से गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार की सुबह पुलिस उमर अंसारी को लेकर गाजीपुर पहुंची। यहां उमर को कोर्ट में पेश किया गया। आरोप है कि उमर अंसारी ने 50 हजार की इनामी अपनी मां आफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर किए और उसे अदालत में दाखिल कर दिया था। उमर अपने परिवार की 10 करोड़ रुपये की कुर्क संपत्ति को बचाने की फिराक में था।

उमर अंसारी ने शहर कोतवाली क्षेत्र डेवड़ी बल्लभ दास स्थित जमीन पर भौतिक लाभ लेने की कोशिश में फर्जीवाड़ा किया। एसपी डा. ईरज राजा के मुताबिक इस जमीन की इस समय अनुमानित बाजारू कीमत 10 करोड़ रुपये के आसपास है।

### परिवार की कुर्क संपत्ति को बचाने की फिराक में था उमर

आरोप है कि उमर अंसारी ने 50 हजार की इनामी अपनी मां आफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर किए और उसे अदालत में दाखिल कर दिया था। उमर अपने परिवार की कुर्क संपत्ति को बचाने की फिराक में था। पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत माफिया मुख्तार अंसारी के परिवार की संपत्ति कुर्क की गई थी। इसी संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उमर अंसारी ने अपनी मां आफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर बनाए। फर्जी हस्ताक्षर के साथ शपथ पत्र अदालत में दाखिल कर दिया। जबकि न्यायालय में यूपी गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। संपत्ति को अवमुक्त कराने के लिए न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। यह जब्त संपत्ति आईएस 191 के पूर्व सरगना मुख्तार अंसारी (मृत) से संबंधित थी।

### प्रयागराज के बाद वाराणसी में भी स्कूलों की छुट्टी



**लखनऊ।** यूपी के पूर्वांचल में बारिश और बाढ़ के कारण लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। प्रयागराज से लेकर मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, बलिया में गंगा ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इससे प्रयागराज और वाराणसी में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वाराणसी में तो गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से करीब तीन फीट ऊपर पहुंच गया है। इससे नीचले इलाके ही नहीं पॉश कॉलोनियों में भी गंगा का पानी पहुंचा हुआ है। ऐसे में वाराणसी कि जिला प्रशासन ने अगले दो दिनों 5 और 6 अगस्त को 12वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है।

## दोनों व्हाट्सएप ग्रुप 'रिवाइविंग इस्लाम' से जुड़े थे

# पाकिस्तानियों की मदद से गजवा-ए-हिंद की साजिश बुन रहे दो कट्टरपंथी युवक

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी नागरिकों की मदद से सोशल मीडिया के जरिए देश विरोधी साजिश का ताना-बाना बुनने वाले दो कट्टरपंथी युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक व्हाट्सएप ग्रुप 'रिवाइविंग इस्लाम' से जुड़े थे, जिसके 3 एडमिन सहित करीब 400 पाकिस्तानी सदस्य हैं। दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से गैर मुस्लिमों के खिलाफ जिहाद की साजिश रच रहे थे। वह भारत में गजवा-ए- हिंद करके शरिया कानून लागू करना चाहते थे। साथ ही, मुस्लिम युवकों को देश विरोधी गतिविधियां अंजाम देने के लिए भड़का रहे थे। एटीएस ने इस व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े अमरोहा के थाना नौगवां सादात के ग्राम देहरा निवासी अजमल अली को तीन दिन पहले पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर एटीएस ने महाराष्ट्र के थाणे निवासी डॉ. उसामा नाज को भी आज गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि एटीएस राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त तत्वों का पता लगाने के लिए सोशल मीडिया की लगातार निगरानी कर रही थी।

### कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहे थे



इस दौरान इस व्हाट्सएप ग्रुप और उससे जुड़े लोगों के बारे में अहम जानकारी मिली, जो विभिन्न सोशल मीडिया के जरिये राष्ट्रविरोधी व गैर मुस्लिम धर्म के व्यक्तियों के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। तत्पश्चात, एटीएस ने अजमल अली को पूछताछ के लिए एटीएस मुख्यालय बुलाया।

### सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में है दोनों

पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए कबूला कि वह व्हाट्सएप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में है। वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका प्रयोगकर्ता थाणे के डॉ. उसामा माज शेख है, से जुड़ा था। उसामा से इंस्टाग्राम व सिगनल एप के माध्यम से भारत-विरोधी बातें करने के साथ चुनी हुई सरकार को गिरा कर शरिया लागू करने का ताना-बाना बुन रहा था।

हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली , मंगलवार
5 अगस्त 2025



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'




### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।



## भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन



रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

---

बदलाव
मधु सिंह

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

## अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी



नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

**रक्षा की नई परिभाषाः** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायराः** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़ः** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

---

मेकअप
मानसी

## फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।



**प्राइमर और फाउंडेशनः** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फांउडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।

**आई मेकअपः** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसीः** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएंः** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

## आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिकः** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटाः** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिररः** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकनः** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 और 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत मिला हक

# सीएम ने दिए प्रमाणपत्र, 1 हजार 144 परिवारों को बनाया घरों का मालिक, 3 हजार 884 को प्लॉटों के आवंटन पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हजारों गरीब परिवारों को उनके सपनों का घर सौंपते हुए लाभार्थियों को 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत आवंटन पत्र और 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के अंतर्गत अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में कोई भी गरीब परिवार बेघर नहीं रहेगा, यह डबल इंजन सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 1144 लाभार्थियों को अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही, 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0' के तहत 58 गांवों के 3884 लाभार्थियों को प्लॉटों के आवंटन पत्र भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घर एक सपना है, एक भरोसा है, एक सुरक्षा कवच है। आज 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र सिर्फ एक मालिकाना हक का दस्तावेज नहीं है, यह एक नई सुबह, एक नई शुरुआत का प्रतीक है।





### 15 हजार 256 परिवारों को 30-30 गज के प्लॉट दिए

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इससे पहले मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्रथम चरण में 14 शहरों के 15,256 परिवारों को 30-30 गज के प्लॉट दिए जा चुके हैं। इन प्लॉटों पर मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी- 2.0 के तहत 2 लाख 50 हजार रुपये की सब्सिडी देने का भी प्रावधान किया है। इसी प्रकार, गांवों में भी प्लॉट व सब्सिडी की व्यवस्था की है। हमने लोगों से किया वादा निभाया, जमीन दी और उस पर अपना घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता भी दी है।

### 1.58 लाख आवेदकों को प्लॉट देने की प्रक्रिया शुरू

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के दूसरे चरण के तहत 561 गांवों में 1 लाख 58 हजार आवेदकों को प्लॉट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना के लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण' के तहत 1 लाख 38 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये तथा मनरेगा के तहत 90 दिन की अकुशल मजदूरी देने का भी प्रावधान किया गया है।

---

## प्रदेश में चलेगा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान: डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 155 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

# विकास की राह पर सबको साथ लेकर बढ़ रहे आगे विकास कार्यों से बदलेगी उज्जैन की तस्वीर: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकास की राह पर हम सबको साथ लेकर बढ़ रहे हैं आगे, विकास कार्यों उज्जैन की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि यह तो सिर्फ बानगी है, विकास की पूरी फिल्म अभी बाकी है। प्रदेश में चहुंओर विकास के काम हो रहे हैं। देश के साथ-साथ हमारा अपना मध्यप्रदेश भी बदल रहा है। विकास की बयार से प्रदेश का हर कोना निखर रहा है। उज्जैन जिले में हो रहे विकास कार्यों का विस्तार से जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नवनिर्माण में हम सबका सहयोग लेकर आगे बढ़ते रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कालीदास अकादमी में उज्जैन शहर में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लगभग 155 करोड़ रुपए की लागत वाले 8 नवीन सेतुओं और दो नवीन मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकास का प्रकाश सभी तक पहुंचे, हमारी सरकार इसी मंशा से काम कर रही है। विकास की हर एक बात पर और तरक्की की राह पर हम सबको साथ लेकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उज्जैन में 155 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों से शहर की तस्वीर बदलेगी। इन निर्माण कार्यों से शहर की बड़ी आबादी को स्थाई लाभ मिलेगा। इन निर्माण कार्यों से वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में भी आसानी होगी।

**खास बातें**

- 8 नवीन सेतुओं और दो नवीन मार्गों के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण
- निर्माण कार्यों से वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में आसानी होगी



### बहनों का मान-सम्मान बढ़ाने में कोई कमी नहीं रखेगी सरकार

कार्यक्रम में बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विशाल राखी भेंट की। उन्होंने सभी बहनों का आभार जताया और कहा कि हमारी सरकार बहनों का मान-सम्मान बढ़ाने में कोई कमी नहीं रखेगी। बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम नवाचारों के जरिए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान तिरंगा लहराकर आने वाले स्वतंत्रता दिवस का उल्लास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को स्वतंत्रता का महत्व बताने और जन-जन को आजादी पर्व से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में मप्र में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जाएगा।

### 15 अगस्त तक चलाया जाएगा अभियान

*तिरंगा अभियान 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होंगी। सीएम ने कहा कि स्वतंत्रता के रंग, हम अपने घर, अपने परिवेश की स्वच्छता और शुचिता के संग मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को विकास की एक नई ऊर्जा से भर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को पस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका एवं चुनाव आयोग ने गणतांत्रिक राष्ट्र भारत में लोकतंत्र को दिनों-दिन और समृद्ध बनाया है। परंतु कुछ विरोधी लोग सदैव लोकतांत्रिक परम्पराओं और व्यवस्थाओं पर अंगुली उठाते हैं, देश ऐसे विरोधी लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा।*

## नानाखेड़ा स्टेडियम में 50 करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे एस्ट्रो टर्फ और पवेलियन




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में बैडमिंटन प्रति अच्छा वातावरण बन रहा है। उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम का विकास 11:45 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। आने वाले समय में यहां 50 करोड़ रुपए की लागत से एस्ट्रो टर्फ और पेवीलियन बनाए जाने की मंजूरी सरकार की ओर से दी गई है। यहां सिंथेटिक ट्रेक भी बनाया जाएगा। स्टेडियम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को नानाखेड़ा स्टेडियम में आयोजित जीएच रायसोनी मेमोरियल 58वीं मप्र राज्य जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2028 महापर्व के तहत विक्रम उद्योगपुरी में 1000 एकड़ जमीन उद्योगों की स्थापना के लिए आवंटित की गई है, आने वाले समय में 1000 एकड़ जमीन और दी जाएगी। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया और एसोसिएशन के सदस्यों ने स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

### मुख्यमंत्री ने विजेताओं को दिए पुरस्कार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार वितरण किए। चैंपियनशिप के फाइनल में जीते खिलाड़ी मिक्स्ड डबल अंडर 17 कन्हैया शर्मा, कृतिका पाठक, मिक्स्ड डबल्स अंडर 19 ओम पटेल, कीर्ति तिवारी, बॉयज सिंगल अंडर 17 मेदांश शर्मा, बॉयज सिंगल अंडर 19 नैवेद्य तोंडे, गर्ल्स सिंगल अंडर 17 नित्या जादौन, बॉयज डबल अंडर 19 देव कुमावत, अंगद मुछाल, गर्ल्स डबल अंडर 19 आस्था शर्मा, कीर्ति तिवारी, गर्ल्स सिंगल अंडर 19 माही पवार, बॉयज डबल्स अंडर 17 शौर्य मिश्रा, अथर्व सक्सेना, गर्ल्स डबल अंडर 17 नित्या जादौन, नाविका सोमानी को ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि अंडर 19 के यहां के जो विनर हैं, वे गोवा में बेस्ट जोन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई हुए हैं, जो मध्यप्रदेश की टीम का नेतृत्व करेंगे। आभार प्रदर्शन एसोसिएशन के सचिव अनुराग शर्मा ने किया।*

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर दिया विशेष उपहार

**उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल कम्पनी की बहनों ने बांधी मुख्यमंत्री को राखी**

**250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जाएगी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा 7 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जाएगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए से अतिरिक्त होगी।

### 7 हजार से अधिक बहनों को रोजगार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेस्ट लाइफस्टाइल कंपनी उज्जैन में कार्यशील बहनों के रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. यादव को कंपनी की बहनों ने राखी बांधी और तिलक लगाया। मुख्यमंत्री ने बहनों को उपहार प्रदान किए।*

### बहनों के आशीर्वाद से तेजी से हो रहे विकास कार्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज मैं जहां भी हूं बाबा श्रीमहाकाल और आप सभी लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से हूं। लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के सभी कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्थित रघुनंदन गार्डन में लाड़ली बहनों द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत लाड़ली बहनों को झूला झुलाकर की। कन्याओं को स्कूल बैग और पुस्तकें भेंट की। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा की और उनसे राखी बंधवाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनों ने हस्तनिर्मित बड़ी राखी भेंट की।

---

**बयानार सीएएफ कैंप में थे पदस्थ**

# प्लाटून कमांडर ने खुद की कनपटी पर मारी गोली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोंडागांव जिले के बयानार सीएएफ कैम्प में पदस्थ प्लाटून कमांडर ने खुद की कनपटी में गोली मार आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनते ही कैम्प में पदस्थ अन्य जवान भी रूम में आ पहुंचे। जब तक बाकी जवान पहुंचे प्लाटून कमांडर की मौत हो चुकी थी। इस मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि रविवार तीन अगस्त की रात लगभग 10 बजे बयानार सीएएफ कैंप में पदस्थ प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली, यह घटना रात के समय कैंप परिसर के भीतर हुई, जिससे साथी जवानों में हड़कंप मच गया, आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है और अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि आखिर प्लाटून कमांडर ने आत्महत्या क्यों की है। पुलिस अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए कोंडागांव जिला अस्पताल लाया गया है। वहीं देखा जाए तो कुछ दिन पहले बीजापुर जिले में भी एक सीआरपीएफ जवान ने छुट्टी से आने के बाद अपने आप को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके शव का पीएम के बाद एम्बोम्बिंग के लिए मेकाज लाया गया था।



## सेबी और एनएसई की पहल से ठगी से बच सकेंगे निवेशक

**जबलपुर।** सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को वित्तीय संबंधित ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी देना है। यह पहल सेबी द्वारा खुदरा निवेशकों को ठगों से सुरक्षित रखने के प्रयास को दर्शाती है। इस अभियान के तहत, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सेबी के मार्गदर्शन में एक व्यापक निवेशक सुरक्षा मुहिम शुरू की है। यह अभियान ऐसे समय में शुरू हुआ है, जब वित्त संबंधी डिजिटल फ्रॉड्स तेजी से बढ़ रहे हैं। अब ठग पहले से कहीं ज्यादा चालाक और भ्रामक तरीकों का इस्तेमाल करके निवेशकों को निशाना बना रहे हैं। कई लोग ऐसी योजनाओं के झाँसे में आ जाते हैं, जो गारंटीड या असामान्य रूप से ऊंचा रिटर्न देने का दावा करती हैं। लोगों को जागरूक करने एनएसई, सेबी के मार्गदर्शन में टीवी, रेडियो, अखबार, डिजिटल और सोशल मीडिया जैसे अलग-अलग माध्यमों का इस्तेमाल करेगा। इसके साथ ही, इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए भी यह जानकारी दी जाएगी।

**ग्राम तेलीनसत्ती की घटना, पुलिस कर रही कार चालक की तलाश**

# अज्ञात कार ने कांवड़ियों को मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है जहां भगवान महादेव को जल चढ़ाने जा रहे तीन कांवड़ियों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ग्राम पीपरछेड़ी निवासी राहुल साहू, कन्हैया साहू और मोक्ष साहू रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने कावड़ लेकर पैदल जा रहे थे, तभी रविवार की देर रात ग्राम तेलीनसत्ती में अज्ञात वाहन ने तीनों को ठोकर मार दी। तीनों को धमतरी के एक निजी अस्पताल लाया गया। यहां लाने पर डॉक्टर ने जांच के बाद राहुल साहू और कन्हैया साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मोक्ष साहू का इलाज जारी है। फिलहाल अर्जुनी थाना पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में ग्राम के संतोष हिरवानी और चोखा देशमुख ने बताया कि तीन युवक लगभग 10:30 बजे ग्राम पिपरछेड़ी शरीर से रुद्रेश्वर जल चढ़ाने निकले हुए थे। आगे आगे तीन लोग चल रहे थे। एक किलोमीटर पीछे 10 12 लोगों का एक और जत्था चल रहा था। तेलीनसत्ती के पास लगभग 11 बजे अज्ञात कार ने पीछे से ठोकर मार दी, जिसमें तीनों युवक घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस से तीनों को मसीह अस्पताल लाया गया। जहां पर दो युवकों की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक का वातावरण है पोस्टमार्टम के

## शेयर से मुनाफे का झांसा देकर डॉक्टर से ठगे 1.5 करोड़ रुपए

**रायपुर।** राजधानी के शंकर नगर निवासी डॉक्टर को शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर चार आरोपियों ने ठगी कर ली। डॉक्टर ने मामले की शिकायत पुलिस में दी, तो घटना के तीन साल बाद केस दर्ज हुआ। आरोपियों का नाम पुलिस द्वारा मनोज चावला, चेतन चावला, खुशबू चावला और नैना चावला बताया जा रहा है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शिकायतकर्ता डॉ बी. बालाकृष्णा ने पुलिस को बताया,कि शंकर नगर इलाके में एडवांस चेस्ट सेंटर के नाम से क्लिनिक का संचालन करते हैं। 2021 में उनका परिचय सेल्स टैक्स निवासी मनोज चावला से हुआ। मेरी एडवांस चेस्ट क्लिनिक को आगे बढ़ाने की योजना थी। इस योजना के विषय में मैं मनोज चावलसे चर्चा किया करता था। चावला ने बताया, कि वो ट्रेडिंग का व्यवसाय भी करते हैं। इस व्यवसाय में आप इनवेस्टमेंट करो, जो मुनाफा होगा आपस में बांट लेगे। ट्रेडिंग में जो पैसा आप इनवेस्ट करोगे, उसे हम सुरक्षित रखेंगे। इस शर्त पर मैने चावला परिवार के सदस्यों को 1.5 करोड़ रुपए दिया।

---

## पिछले महीने इन कंपनियों का हुआ पंजीयन, नगर वाहन सेवा समेत अंतरशहरी बस सेवा होगी सुगम

**राज्य स्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे मुख्यमंत्री**

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में 7 सहायक कंपनियां करेंगी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नगर वाहन सेवा समेत अंतरशहरी बस सेवा को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रदेश में जल्द ही शुरू किए जाने के प्रयास परिवहन विभाग की ओर से किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश में राज्य स्तरीय कम्पनी के साथ 7 सहायक कंपनियां गठित की गई हैं।




फाइल फोटो

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को राज्य शासन की ओर से अप्रैल 2025 में स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे। जबकि परिवहन मंत्री एवं मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय कंपनी मप्र यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड कंपनी का गठन रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी एक्ट में 3 जुलाई को पंजीयन के साथ हो गया है। राज्य स्तरीय कंपनी के अधीन राज्य शासन की ओर से लिए गए निर्णयों के अनुसार 7 सहायक कंपनी सम्पूर्ण प्रदेश में रहेगी।

वर्तमान में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा और ग्वालियर में कार्य कर रही सिटी बस कंपनी के शेयर होल्डिंग में परिवर्तन करते हुए इन सातों शहरों की नवगठित कंपनिया बनाई गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत सभी संभागों में वैज्ञानिक पद्धति से ट्रैफिक सर्वे करते हुए नए सिरे से नवीन बस रूट निर्धारण और इन रूट्स पर बस फ्रिक्वेंसी के निर्धारण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### क्षेत्रीय सहायक कंपनी

प्रदेश की 7 क्षेत्रीय सहायक कम्पनी अपनी क्षेत्राधिकार के जिलों में सिटी बस सेवा और अंतरशहरी बस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। प्रदेश में लम्बे समय से शहरी और अंतरशहरी बस सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन बस सेवाओं में इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और किफायती दर पर निर्धारित समय पर बस सेवा उपलब्ध हो सकें।

### अधोसंरचना का कार्य पीपीपी मॉडल पर होगा

उज्जैन एवं इंदौर संभाग का ट्रैफिक सर्वे और रूट निर्धारण का कार्य अंतिम चरण में है। जबलपुर एवं सागर संभाग में सर्वे कार्य जारी है। इसके बाद भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर तथा चंबल संभाग के रूट्स सर्वेक्षण का कार्य भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में वर्तमान निजी बस ऑपरेटर्स को पारदर्शी प्रक्रिया के साथ शासन नियंत्रित बस कंपनी द्वारा अनुबंधित कर कंपनी के सुपरविजन में बस संचालित होंगी। योजना में प्रत्येक जिले में बस डिपो, अत्याधुनिक बस स्टेंड और बस स्टॉप का निर्माण पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशीप) मॉडल में किया जाएगा।

### संदीप सोनी को अतिरिक्त प्रभार

उज्जैन एवं इंदौर रूट सर्वे कार्य अंतिम चरण होने से इन बस कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिलेवार बस ऑपरेटर्स से सलाह कर रूट निर्धारण के संबंध में आवश्यक सलाह मशविरा कर सकेंगे। उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार संदीप सोनी को सौपा गया है। संदीप सोनी वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन प्राधिकरण भी हैं।

## चिंतन

# पिंजरे में बंद तोते की छवि से कब आजाद होगी सीबीआई

सीबीआई एक बार फिर पिंजरे के तोते के दृष्टिकोण को सही साबित करती नजर आ रही है। दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाले के आरोपी बनाए गए सत्येन्द्र जैन के खिलाफ चार वर्ष जांच करने के बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। वह इसलिए कि सीबीआई भ्रष्टाचार के एक भी सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाई। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या सीबीआई बिना पुख्ता सबूत के ही आरोप लगा देती है? दिल्ली में विधानसभा चुनाव से कुछेक महीने पहले आम आदमी पार्टी के कई नेता व मंत्री किसी न किसी आरोप में जेल भेजे गए और बाद में सीएम रहे अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद किए गए। सीबीआई अगर तथ्य के साथ आरोप लगा रही थी, नेता जेल भेजे जा रहे थे, तो बाद में सबको जमानत कैसे मिलती गई और अब उसे सत्येन्द्र जैन के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल करनी पड़ी है? क्या सीबीआई के पास जवाब है कि उसकी गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से देश में कई नेताओं की सार्वजनिक छवि खराब हुई है? क्या सीबाआई इसकी भरपाई कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने करीब बारह वर्ष पहले 9 मई, 2013 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की खामियों से भरी कार्यप्रणाली के चलते उसे पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई एक स्वायत्त संसथा है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए।' पिछले वर्ष 2024 में आम आदमी के पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की ऐसी ही सख्त टिप्पणी थी कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि अब वह पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा। शायद सीबीआई ने कभी अपने अधिकार व स्वायत्ता को लेकर निष्पक्षता से मंथन ही नहीं किया है। केंद्र में जिनकी भी सरकार रही है, इस दौरान सीबीआई का दुरूपयोग होती रही है। वर्ष 2024 में, सीबीआई ने सबूतों की कमी के कारण 174 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जो किसी भी वर्ष में एजेंसी द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले, 2023 में 62 और 2022 में 32 मामले सबूत न होने से बंद हुए थे। वर्ष 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंत नटराजन, प्रणय और राधिका रॉय, आईपीएल में सट्टेबाजी आदि केसों में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जमीन घोटाले में जमानत पर बाहर निकल गए। आंकड़ों के हिसाब से सीबीआई की सफलता दर काफी अच्छी है, लेकिन राजनीतिक मामलों में सीबीआई अक्सर सबूत जुटाने में असफल साबित हुई है। 2024 में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड 1,467 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 1,293 चार्जशीट हुई थी। सीबीआई देश की भरोसेमंद जांच एजेंसी है, इस पर बार-बार सवाल उठना चिंता की बात है। सीबीआई के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगना चाहिए। इस जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास नहीं डगमगाना चाहिए, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सीबीआई की स्वायत्ता की रक्षा करे। पूर्व में ईडी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाना चाहिए। देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि पुख्ता सबूत पेश किए जाने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो।

## चर्चा में

विनोद पाठक



# ...जब हुई समोसे के आकार पर राष्ट्रीय बहस की मांग

वर्ष 1997 में फिल्म आई थी 'मिस्टर एंड मिसेस खिलाड़ी'। फिल्म में एक गाना है, 'जब तक रहेगा समोसे में आलू...'। फिल्म और गाना, दोनों हिट हुए थे, पर हम आज फिल्म नहीं समोसे की चर्चा कर रहे हैं। समोसे के आकार और कीमत को लेकर गोरखपुर से भाजपा सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने नई बहस छेड़ दी है। सांसद महोदय ने संसद में एक चर्चा के दौरान कहा कि समोसे का आकार और कीमत फिक्स होनी चाहिए। हालांकि, हम आज चर्चा सांसद रवि किशन की मांग की नहीं, समोसे और भारत में इसकी लोकप्रियता की कथा की कर रहे हैं। समोसे की भारतीय कहानी बड़ी दिलचस्प है। इतिहासकारों के अनुसार समोसे की उत्पत्ति मध्य एशिया और मध्य पूर्व में हुई। वहां इसे संभूसक, संबूसा या संभूसा नाम से जाना जाता था। 10वीं से 13वीं शताब्दी के बीच फारसी और अरबी ग्रंथों में समोसे का उल्लेख मिलता है। उस समय यह एक छोटा तिकोना आकार का मीट या सूखे मेवों से भरा पेस्ट्री स्नैक होता था, जिसे घी में तला जाता था। भारत में यह 13वीं या 14वीं शताब्दी में मुस्लिम व्यापारी, सूफी संत और फारसी भाषी शासकों द्वारा लाया गया। प्रसिद्ध विद्वान अमीर खुसरो और इतिहासकार इब्न बतूता ने अपनी किताबों में समोसे का उल्लेख किया है।

समोसा दरबार से निकलकर कब आम आदमी का नाश्ता बन गया, यह किसी को पता नहीं चला। इसका कवर मुख्य रूप से मैदा का होता है। अलग-अलग स्थानों पर इसमें अलग-अलग सामग्री भरकर तेल या घी में तला जाता है। जहां उत्तर भारत में इसे समोसा, वहीं बिहार में झारखंड में इसे सिंघाड़ा कहते हैं। पश्चिम बंगाल में यह शिंगाड़ा हो जाता है। गुजरात में इसे पटोड़ी समोसा कहते हैं। इंदौर में त्रिकोण आकार की पेटीज को भी बिना तला समोसा कह देते हैं। बिहार के कुछ जिलों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में समोसे पर सरसों का तेल डालकर खाने का चलन है। पश्चिम बंगाल में समोसे में फूलगोभी व मूंगफली भरी जाती है और नींबू निचोड़कर इसे खाया जाता है। दक्षिण भारत में समोसे का आकार थोड़ा छोटा होता है। इसमें नारियल और सब्जियां या हल्के मसाले भरे होते हैं, जबकि उत्तरी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में तीखे मसालेदार समोसे का चलन है। गुजरात और महाराष्ट्र में समोसे में मीठा और खट्टा स्वाद मिलाया जाता है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश में मुख्य रूप से आलू भरा त्रिकोणीय समोसा मिलता है। हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्र में चौकोर या आयताकार समोसा मिलता है, जिसे लुचमी कहते हैं। इसे स्थानीय रूप से लुखमी भी कहा जाता है, जिसमें आमतौर पर मटन या कीमा भरा होता है। पश्चिम बंगाल और बिहार में समोसा अर्धचंद्राकार भी बनता है। यह पूरी तरह से सील किया होता है। दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में समोसा गोल आकार का बनाया जाता है। इसकी बनावट उत्तर भारतीय कचौड़ी जैसी होती है। कुछ स्थानों पर पतले त्रिकोण आकार के समोसे भी बनते हैं। इन्हें मिनी या पंजाबी कॉकटेल समोसा कहते हैं। रतलाम में समोसे पर सेव नमकीन डालकर खाने का चलन है। प्रयागराज के छोटे आकार के हींग के समोसे प्रसिद्ध हैं। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के इगलास का समोसा बड़े आकार का होता है, यह सामान्य रूप से मिलने वाले समोसे से डेढ़ गुना अधिक बड़ा होता है। हरिद्वार में कुछ दुकानों पर 8 इंच, 15 इंच और 20 इंच तक बड़े समोसे बनाए जाते हैं। इन्हें भारत का सबसे बड़ा समोसा कहा जाता है। इन समोसों में पनीर, आलू मटर और ड्राई फ्रूट्स होते हैं। कई जगह दही या छोले डालकर समोसा खाया जाता है। आज समोसा वैश्विक हो गया है। इंग्लैंड में भारतीय रेस्टोरेंट्स में आमतौर पर वेजिटेबल समोसा मिलता है। अफ्रीकी देशों में समोसे को समोसा ही कहा जाता है, लेकिन इसमें मीट प्रमुख रूप से भरा होता है। मध्य एशियाई देशों में समोसा ओवन में बेक किया जाता है। कैरेबियाई देशों, जहां भारतवंशी समुदाय बड़ी संख्या में रहता है, में अपने स्वादानुसार समोसे को ढाल लिया गया है। वैसे, समोसा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कर चुका है। लंदन में एक चैरिटी संस्थान ने वर्ष 2017 में 153.1 किलोग्राम का समोसा बनाया था। दुनिया की जुबान पर जहां समोसे का स्वाद चढ़ चुका है, वहीं यह एक बड़े कारोबार का स्वरूप भी ले चुका है। भारत में वर्ष 2025 में स्नैक फूड मार्केट करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए का रहने वाला है, इसमें समोसा प्रमुख रूप से शामिल है। ऐसा माना जाता है कि भारत में रोजाना 6 करोड़ समोसे-कचौड़ी बिकते हैं। इसकी सालाना बिक्री 22,000 करोड़ से 33,000 करोड़ रुपए के बीच बताई जाती है। आज समोसे को लेकर कई नए ब्रांड उभरे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।



विश्लेषण

डॉ अश्वनी महाजन

**ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ सहयोग हो।**

# ब्रिक्स से ट्रंप इसलिए हैं परेशान

गत माह में ही 6-7 जुलाई को ब्राज़ील में ब्रिक्स का 17वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस शिखर सम्मेलन का महत्व यह है कि इसमें सभी 10 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें चार सदस्य, ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहली बार सदस्य देश के रूप में भाग लिया था; और इंडोनेशिया, जो 2025 के शुरू में पहली बार सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ और ब्रिक्स का सदस्य बनने वाला पहला दक्षिण पूर्व एशियाई देश बन गया। अब ब्रिक्स, अपने विस्तारित रूप में, ब्रिक्स प्लस के रूप में जाना जाता है, यह शब्द पहली बार 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस्तेमाल किया गया। सवाल है कि क्या ब्रिक्स पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दे रहा है? आखिर ब्रिक्स से ट्रंप परेशान क्यों हैं?

ब्रिक्स आज दुनिया के ज्ञात विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रभाव को चुनौती दे रहा है। अगर हम इस समूह के पहले पाँच देशों, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पर नज़र डालें, तो 2010 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान 18% था। 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इन देशों की हिस्सेदारी बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो जाएगी। अब उन्होंने पश्चिम के आधिपत्य को चुनौती देना शुरू कर दिया है। डी-डॉलराइज़ेशन, यानी व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करके, पश्चिमी ब्लॉक के आधिपत्य को तोड़ने की आवाज़ें मुखर हो रही हैं। इसने वास्तव में अमेरिका के वित्तीय और भू-राजनीतिक आधिपत्य को ख़तरा पैदा करना शुरू कर दिया है। यह भारत, चीन और रूस को विश्व मंच पर एक मज़बूत आवाज़ देता है। यह डॉलर और पश्चिमी संस्थानों से दूर वैश्विक आर्थिक पुनर्संरेखण को बढ़ावा देता है। यह एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसका ट्रम्प समर्थन नहीं करते। हाल ही में ब्रिक्स के विस्तार के साथ, जिसमें 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, पश्चिमी ब्लॉक, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसके प्रमुख कारण इस प्रकार हैंः डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। ब्रिक्स देश व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप हमेशा अमेरिका फर्स्ट पर ज़ोर देते रहे हैं, और देशों के डॉलर से दूर जाने का विचार निश्चित रूप से अमेरिकी आर्थिक प्रभाव और प्रतिबंधों की शक्ति को कमज़ोर करने वाला है।

दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स खुद को जी7, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं के प्रतिकार के रूप में स्थापित कर रहा है। ब्रिक्स जैसे नए और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन निश्चित रूप से अमेरिकी वर्चस्व के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

तीसरा, ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। वह ब्रिक्स को बहुध्रुवीयता



की आड़ में चीन के वैश्विक विस्तार के एक माध्यम के रूप में भी देखते हैं। चौथा, सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। गैर-डॉलर मुद्राओं (जैसे, युआन या ब्रिक्स मुद्रा) में तेल व्यापार की संभावना है, जो पेट्रोडॉलर प्रणाली को कमजोर करेगा।

पाँचवाँ, ट्रम्प ब्रिक्स के विस्तार को इस बात का संकेत मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) पश्चिमी प्रभाव से दूर जा रहा है और अपना स्वतंत्र समूह बना रहा है। छठा, अमेरिका को छोड़कर किसी भी गैर-पश्चिमी समूह के उदय को व्यक्तिगत और राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जाता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो अमेरिका की भागीदारी के बिना विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें 'अमेरिकी प्रतिष्ठा' के लिए खतरा माना जाता है- जिसे ट्रंप बहुत महत्व देते हैं।


राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिक्स के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी नाखुशी जताई है और ब्रिक्स देशों पर ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। उन्होंने ब्राज़ील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है। हालाँकि, भारत ब्रिक्स का सदस्य है, लेकिन उसका रुख ज़्यादा सूक्ष्म, संतुलित और व्यावहारिक है। जिससे वह अन्य ब्रिक्स देशों से अलग दिखाई देता है। भारत का रुख स्पष्ट रुप से उसके राष्ट्रीय हितों, रणनीतिक स्वायत्तता और बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से प्रभावित है। हालाँकि, भारत रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देकर और इस तरह डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपये के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज़्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है। भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है, न कि टकराव के लिए। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ वैश्विक दक्षिण की आवाज़ों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो।

भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार लाने की मांग करता रहा है, जिनके बारे में मानना है कि ये पश्चिमी प्रभुत्व वाली हैं और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। इसी संदर्भ में, भारत की जी-20 अध्यक्षता में, वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधारों पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। भारत ब्रिक्स का उपयोग सतत विकास के लिए करता है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित

## दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

## प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरीका से सावधान रहे भारत


अमरीका विशुद्ध रूप से सदैव अपने व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देता रहा है और उसे किसी की मैत्री या उन्नति से सरोकार नहीं, दुनिया के किसी देश से उसकी स्थायी दोस्ती नहीं। उसने 1965, 1971 और 2025 में भी भारत को ठुकरा कर पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से दोस्ती की और भारत को रूस से अलग करने की चाल चली है। वह नहीं चाहता रूस-भारत मैत्री पक्की रहे। भारत को पश्चिम की चालों से बचकर अपने पड़ोसी चीन से रिश्ते सुधारने चाहिए। पश्चिम ने पहले भी घाव ही दिए और आगे भी शोषण ही करेगा। भारत में अटल जी के शासन काल में अमरीका के प्रतिबंध बेअसर रहे और अब भी 25 फीसदी टैरिफ निष्प्रभावी होगा। हमें लुक ईस्ट की नीति पर चलकर जांचे-परखे मित्र रूस से संबंध और प्रगाढ़ करने होंगे। अमरीका की चालों से बचना है।

*- वैभव देशमुख, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# हिरोशिमा में आज भी मृतकों के अवशेष की तलाश जारी


जब 80 वर्ष पूर्व छह अगस्त को पहला परमाणु बम विस्फोट हुआ था, तो हजारों मृतकों को आत्मघाती हमले के लिए प्रशिक्षित सैन्य नौकाओं द्वारा हिरोशिमा के दक्षिण में स्थित छोटे से ग्रामीण द्वीप निनोशिमा लाया गया था। आठ दशक पहले (80 वर्ष पूर्व) छह अगस्त 1945 को हुए परमाणु हमले के बाद अब भी हिरोशिमा के नजदीकी द्वीप पर मृतकों के अवशेष की तलाश जारी है। कई पीड़ितों के कपड़े जल गए थे और उनके चेहरे और अंगों से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। वे दर्द से कराह रहे थे। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, खराब चिकित्सा और देखभाल के कारण 25 अगस्त को जब फील्ड अस्पताल बंद हुआ तब केवल कुछ सौ लोग ही जीवित बचे थे। मृतकों को अव्यवस्थित और जल्दबाजी में चलाए गए अभियानों के बीच विभिन्न स्थानों पर दफनाया गया। दशकों बाद इस क्षेत्र के लोग लापता लोगों के अवशेषों की तलाश कर रहे हैं ताकि पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके। इसका मकसद उन बचे लोगों को राहत पहुंचाना भी है जो अब भी अपने लापता प्रियजनों को याद में दुखी हैं। हिरोशिमा विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रेबुन कायो मृतकों के अवशेषों की खोज के लिए नियमित रूप से निनोशिमा जाते हैं।



## ऑफ बीट

# आपके फोन में भी हैं कीटाणु सावधानी से करे सफाई

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं। लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं - आपका मोबाइल फोन। विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं। -फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।



## ट्रेंड

### भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार प्रदर्शन



भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। टीम इंडिया ने इस कड़े मुकाबले में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिससे आज की जीत उनकी हक़दार रही। इस अविश्वसनीय टेस्ट सीरीज़ में जीत के लिए टीम को बधाई।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**


### सारे केस झूठे



आप नेताओं के ख़िलाफ़लगाये गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये झूठे केस लगाए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए?

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### गर्व की बात



यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैंने अपनी चौथी पुस्तक "डिफरेंट बट नो लेस" हमारे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भेंट की।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का सवाल कहा- भगवान सबके हैं, आप क्यों चाहते हैं फंड आपकी पॉकेट में जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन और उसके आस-पास के क्षेत्र के विकास पर निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का संकेत दिया है। सुनवाई मंगलवार की सुबह 10:30 तक के लिए स्थगित कर दी गई है। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार के अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है। कमेटी ने 15 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया है जिसमें राज्य सरकार को बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। शुरूआत में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए। कोर्ट ने कहा, मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं।

मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है सरकार

आज मंगलवार को फिर होगी मामले की सुनवाई



### बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन रिटायर्ड जज को सौंपने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया संकेत

### फंड का उपयोग मंदिर के लिए ही होगा

मंदिर का फंड श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं इस्तेमाल हो सकता? आप क्यों चाहते हैं कि सारा फंड आपके पॉकेट में ही जाए? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के कानून को हाई कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। यूपी सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट नवीन पाहवाश पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सरकार यमुना तट से मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलें और मंदिर क्षेत्र को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर के फंड का उपयोग सिर्फ मंदिर से जुड़ी गतिविधियों में ही होगा। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंदिर का पैसा आपकी जेब में क्यों जाए? सरकार इसका उपयोग मंदिर विकास के लिए क्यों नहीं कर सकती।

**भगवान निजी नहीं हो सकते**

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि आप किसी धार्मिक स्थल को पूरी तरह निजी कैसे कह सकते हैं, वो भी तब जब वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं? प्रबंधन निजी हो सकता है, लेकिन कोई देवता निजी नहीं हो सकते। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मंदिर की आय सिर्फ प्रबंधन के लिए नहीं, बल्कि मंदिर और श्रद्धालुओं के विकास के लिए भी होनी चाहिए।

### प्रबंधन को लेकर दो गुटों में विवाद

याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। उसमें धार्मिक गतिविधियों और मैनेजमेंट को लेकर 2 गुटों में विवाद था। राज्य सरकार ने बिना अधिकार उसमें दखल दिया। वह मामले को सुप्रीम कोर्ट ले आई और कॉरिडोर के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल का आदेश ले लिया। इसके बाद जल्दी-जल्दी एक अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदिर की स्थापना करने वाले और सदियों से उसे संभाल रहे गोस्वामी प्रबंधन से बाहर हो गए।

7 को राहुल के साथ डिनर पर होगा मंथन

# उपराष्ट्रपति चुनावः साझा उम्मीदवार उतार एकजुटता दिखाना चाहती है कांग्रेस

*आचार्य देवव्रत को उम्मीदवार बना सकती है भाजपा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी है लेकिन कांग्रेस साझा उम्मीदवार को मैदान में उतारकर विपक्षी एकता का संदेश देने के साथ एनडीए के सहयोगी दलों को असमंजस में डालने की रणनीति बना रही है। विपक्ष के साझा उम्मीदवार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अगस्त को डिनर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ मंथन करेंगे।

पार्टी की योजना बिहार या आंध्रप्रदेश के किसी नेता को उम्मीदवार बनाने की है, जिससे भाजपा के दो सबसे बड़े सहयोगियों टीडीपी व जदयू को असमंजस में डाला जा सके। इस चुनाव के बहाने कांग्रेस की नजर विपक्षी एकता कायम कर शक्ति प्रदर्शन करने और एनडीए को असमंजस में डालने पर है। दरअसल, भाजपा अपने दम पर चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है। उसे हर हाल में अपने दोनों सबसे बड़े सहयोगियों जदयू-टीडीपी का समर्थन चाहिए। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि अगर विपक्ष का उम्मीदवार आंध्रप्रदेश या बिहार से हुआ तो क्षेत्रीय भावनाओं के साथ संतुलन बैठाने के लिए नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू उलझन में होंगे। आंध्रप्रदेश के ही वाईएसआरसीपी जिनके राज्यसभा में सात सदस्य हैं, विपक्ष के साथ आ सकती है। अगर इस चुनाव में एक भी सहयोगी दल टूटे तो राजग में फूट का संदेश जाएगा। उधर उपराष्ट्रपति पद के लिए भाजपा में भी मंथन शुरू हो गया है।

## खबर संक्षेप

### शेख अली गुमटी में पार्क का दुरुपयोग न होः एससी

नई दिल्ली। लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल



बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया। पहले अदालत ने सरकार को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना का निर्देश।

### मदरसा छात्रों के स्कूलों में स्थानांतरण पर चुनौती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी उन आदेशों को चुनौती दी जा सकती है, जिसमें



अनधिकृत मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने को कहा गया है। इस मामले को संबंधित उच्च न्यायालय में उठाया जा सकता है।

### महावतार नरसिम्हा की स्क्रीनिंग में हादसा

गुवाहाटी। खचाखच भरे ऑडिटोरियम में अफरा-तफरी मच गई और दर्शक घबराकर बाहर निकलने के लिए दौड़ पड़े। सिनेमा कर्मचारियों ने तुरंत स्क्रीनिंग रोक दी और मॉल के सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित निकालने में मदद की।

कड़ी फटकार : चीनी कब्जे वाले पुराने विवादित बयान पर राहुल गांधी से सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते, आपको पता कैसे चला?



*कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है?*

*कोर्ट ने कहा-आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई।

अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। गौर हो कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लगभग ढाई साल पुरानी (9 दिसंबर 2022) टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की**



**और क्या कहा कोर्ट ने?**

**राहुल गांधी के पास एक उचित मंच मौजूद था**

जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है? न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था। इस बात से सहमत होते हुए कि राहुल गांधी बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे।

### राहुल गांधी को अदालत ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित और दर्ज की गई थी।

### भाजपा बोली-राहुल की भारत विरोधी मानसिकता उजागर हुई



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अदालत ने राहुल गांधी को निराधार दावे के लिए कड़ी फटकार लगाई है। राहुल का ऐसा बयान देश के लिए बेहद नुकसानदेह है और इससे हमारी सेनाओं का मनोबल भी गिरता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जब हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई और चीनी सेना को पीछे धकेला, तो राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश में 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, जिसमें 20 भारतीय सैनिक मारे गए। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी के नेता के तौर पर वह कितने परिपक्व हैं? उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी को भी रेखांकित किया जिसमें कोर्ट ने राहुल से पूछा, 'उन्हें चीनी सेना के कब्जे वाले क्षेत्र के बारे में कैसे पता। क्या वह वहां थे?'

### *राहुल गांधी पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी, भाजपा ने कांग्रेस नेता को लिया आड़े हाथ*

*नई दिल्ली (ब्यूरो)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद सोमवार को भाजपा ने उन्हें आईना दिखाया। भारत और चीन सीमा विवाद को लेकर एक टिप्पणी की थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं करते। कोर्ट के इस टिप्पणी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सेना का मनोबल तोड़ने का काम राहुल गांधी और कांग्रेस कर रही है। भाटिया ने कहा, आज का महत्वपूर्ण मुद्दा अपरिपक्व, गैरजिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्यों को लेकर है। मैं जिम्मेदारी के साथ कहना चाहूंगा कि राहुल गांधी हाथ में संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं, और उसे तार-तार करने का जिम्मा भी उठा रखा है।*

एसआईआर को लेकर विपक्षी सदस्यों का लगातार हंगामा

# एसआईआर पर लोकसभा में गतिरोध जारी, हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध और तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर गतिरोध जारी है। विपक्ष, विशेष रूप से इंडिया ब्लॉक इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग कर रहा है, लेकिन, सरकार ने अब तक इस पर सहमति नहीं जताई है।

सोमवार को भी इस मुद्दे पर हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने की अपील की है। बिरला ने कहा कि जनता ने सांसदों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए चुना है, न कि हंगामे के लिए। उन्होंने विपक्ष से नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के बजाय सार्थक चर्चा में हिस्सा लेने को कहा। गौरतलब है कि 21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर, बार-बार स्थगित होने के कारण बहुत कम कामकाज हुआ है। इस सूरत में एक बार फिर बगैर विपक्ष के ही बिल पारित करवाए जा सकते हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सोमवार को विपक्षी सांसदों से मुलाकात भी की। सूत्रों की मानें तो विपक्ष ने एसआईआर पर चर्चा करवाने की मांग की। जिस पर स्पीकर ने संवैधानिक बाध्यता बताते हुए मना कर दिया। सूत्रों की माने तो सरकार इलेक्टोरल रिफार्म्स पर चर्चा करवाने को राजी हैं मगर एसआईआर पर नहीं। सरकार ने फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया है। अब मंगलवार से संसद के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद की जा रही है। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की संभावना कम दिख रही है। विपक्ष की मांगें पूरी न होने पर हंगामा जारी रह सकता है।

**विफल परीक्षा प्रणाली की जवाबदेही तय करे सरकार, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**

# अनियमितताएं और गड़बड़ियों से एसएससी परीक्षा प्रणाली का ढह रहा है ढांचा : कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि देश की प्रतिष्ठित एसएससी परीक्षा में बार-बार सामने आ रही अनियमितताएं और गड़बड़ियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान भाजपा सरकार परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संचालित करने में पूरी तरह असफल रही है। बार-बार विफल हो रही परीक्षा प्रणाली की जवाबदेही सरकार को तय करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

कुमारी सैलजा ने सोमवार को मीडिया को जारी बयान में कहा है कि हाल ही में, अनेक अभ्यर्थियों को 400-500 किलोमीटर दूर के परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया, और वहां पहुंचते ही उन्हें सूचना दी गई कि परीक्षा रद्द कर दी गई है। यह कोई तकनीकी चूक नहीं, बल्कि एक असंवेदनशील और लापरवाह



प्रशासनिक तंत्र का उदाहरण है। इस प्रकार के कार्य से युवाओं को मानसिक और शारीरिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। और तो और, जब दूसरे पेपर में पूर्व प्रश्न दोहराए गए और छात्रों ने आपत्ति जताई, तो एसएससी ने यह कहकर टालने की कोशिश की कि बच्चे सरप्राइज़ हो जाते हैं। क्या यही है परीक्षा की गंभीरता और जवाबदेही? सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर कोई गलती हुई है तो एसएससी को उसकी जिम्मेदारी लेते हुए युवा बेरोजगारों के साथ न्याय करना चाहिए। सांसद ने कहा कि जब छात्र अपनी आवाज उठाते हैं, विरोध करते हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जो प्रश्न गलत होते हैं, उन्हें चैलेंज करने के लिए छात्रों से शुल्क लिया जाता है। इसमें साफ साफ गलती सरकार की होती है पर सरकार अपनी गलती के बावजूद छात्रों से वसूली करती है जो सरासर अन्याय है। पिछले 10 वर्षों में नीट, यूजीसी नीट, एसएससी जैसी 80 से अधिक परीक्षाओं में धांधली हुई है। केवल इस वर्ष, 85 लाख से अधिक युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। सांसद सैलजा ने सरकार से मांग की है कि एसएससी सहित सभी राष्ट्रीय परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, परीक्षा केंद्र तय करने की प्रक्रिया को स्थिर और भरोसेमंद बनाया जाए, पेपर लीक और प्रश्नों की दोहराव जैसी चूकों पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, छात्रों से ली जाने वाली आपत्ति शुल्क को समाप्त किया जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश का युवा अब चुप नहीं रहेगा। हम हर मंच से यह मांग उठाते रहेंगे कि सरकार इस विफल परीक्षा प्रणाली की जवाबदेही तय करे और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे।

*हर घर तिरंगा अभियान से जागा राष्ट्र प्रेम*

**प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में की थी अभियान की शुरुआत**

# शाह ने दिया संदेश बोले- तिरंगे संग सेल्फी जरूर लें देशवासी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर एक अहम संदेश दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस अभियान ने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में



लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की जो पहल की गई थी, उसने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज यह अभियान जन-जन से जुड़ चुका है।

### सक्रियता दिखाएं

प्रत्येक देशवासी में राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति की भावना इस अभियान के माध्यम से साफ दिखाई दे रही है। गृह मंत्री ने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी देशवासियों, अपील करता हूं कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करें। पीएम मोदी ने 2022 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की थी।

*ब्यान पर भड़के कल्याण*

# महुआ से भिड़ने में बनर्जी का हुआ 'कल्याण' ममता बनर्जी ने मुख्य सचेतक पद से किया चलता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस में दो वरिष्ठ सांसदों के बीच लंबे समय खिंची तलवार में आखिरकार एक को घायल कर गई। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी और तेजतर्रार सांसद महुआ मोइत्रा के बीच व्यक्तिगत तकरार जब सार्वजनिक होने लगी। दोनों एक दूसरे के खिलाफ खुलेआम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपशब्दों का उपयोग करने लगे तो तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दखल दिया। दोनों सांसदों को जमकर लताड लगाई। लेकिन नुकसान कल्याण बनर्जी का हुआ। उन्हें पार्टी संसदीय दल के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना पडा। संसदीय सत्र के बीच पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को एक वर्चुअल बैठक में सभी सांसदों को कड़ा संदेश देते हुए आपसी लड़ाई छोड़ केंद्र की भाजपानीत सरकार के खिलाफ संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। बैठक के तुरंत बाद, कल्याण बनर्जी ने लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक (चीफ़ व्हिप) पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, दीदी ने कहा कि सांसदों के बीच समन्वय की कमी है। इसका दोष चीफ व्हिप होने के नाते मुझ पर आता है, इसलिए मैंने पद छोड़ने का फैसला किया।

### ये है पूरा मामला

विवाद तब शुरु हुआ जब एक इंटरव्यू में महुआ ने बनर्जी को सुअर कहकर संबोधित किया और उन पर महिलाओं के प्रति घोर पुरुषवादी और विकृत मानसिकता रखने का आरोप लगाया। मोइत्रा ने कहा था कि आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ते, क्योंकि उसे तो मजा आता है और आप गंदे हो जाते हैं। महुआ का यह बयान, बनर्जी की उस टिप्पणी के जवाब में आया जिसमें उन्होंने महुआ पर एक परिवार तोड़ने और पूर्व बीजेडी सांसद पिनाकी मिश्रा से विवाह करने को लेकर तंज कसा था। वो मुझे महिलाओं के खिलाफ बोलने वाला कहती हैं? उन्होंने खुद क्या किया है?

### सोशल मीडिया पर भी भिड़ंत

कल्याण बनर्जी ने एक लंबा पोस्ट एक्स पर लिखा, जिसमें "किसी पुरुष सहकर्मी को 'यौन कुंठित' कहना नारी सशक्तिकरण नहीं बल्कि सीधा अपमान है। अगर यही भाषा किसी महिला के लिए प्रयोग होती, तो देशभर में हंगामा मच जाता। गाली, गाली होती है- चाहे वो किसी भी लिंग के लिए हो।

पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई

**वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में 1410 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा**

# गंगा का रौद्र रूप, मणिकर्णिका घाट पर शवों की कतार पहली बार नमो घाट बंद, वरुणा-गोमती भी उफनाई

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इससे बाढ़ का संकट और गहरा गया है। पहली बार नमो घाट को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। घाट पर बना आकर्षक नमस्ते संरचना अब पूरी तरह से डूबने की कगार पर है इसलिए पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई है। इससे पहले नमो घाट पर बाढ़ का पानी इतना नहीं आया था। वहीं, जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि शीतला घाट की सड़क पर पानी पहुंच गया है। अस्सी घाट की सड़कों पर जलभराव है। सामने घाट की सड़क पर बाढ़ का पानी आ गया है। मणिकर्णिका की गलियों में नावें चल रही हैं।

## 6244 किसानों की 1721 एकड़ फसल डूब गई



### वसूली भी हो रही है

नाव से शव ले जाने के लिए शव यात्रियों से 200 से 500 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। शवों की कतार लगी है। अंतिम संस्कार के लिए पांच से छह घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। छत पर ही अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। लकड़ी के दाम भी ज्यादा वसूले जा रहे हैं। लकड़ी का रेट प्रति मन 600-700 रुपए से बढ़ाकर 1000 से 1200 रुपए तक वसूला जा रहा है।

**कई गांव में पानी भरा**

जिला प्रशासन के मुताबिक, वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इस कारण 1410 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा है। 6244 किसानों की 1721 एकड़ फसल डूब गई है। इसी तरह शहरी क्षेत्र के 24 मोहल्ले भी बाढ़ से प्रभावित हैं।

### भूस्खलन से तीन मकान क्षतिग्रस्त, 266 सड़कें बाधित, भारी बारिश का अलर्ट

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड खंड के तहत कुशवा पंचायत के 15/20 क्षेत्र के नोनू गांव में रविवार रात को भूस्खलन से तबाही हुई है। भूस्खलन



की चपेट में आने से तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सूचना मिलते ही प्रशासन और राजस्व की टीम मौके के लिए रवाना हुई। तीन मकानों में चरणदास, सुरजीत और राजीव कुमार रह रहे थे। स्थानीय निवासी चरण दास का पूरा बगीचा भूस्खलन की चपेट में आ गया है। उनका शेड और शौचालय भी मलबे में समा गया है। सुरजीत का मकान कभी भी ढह सकता है और राजीव कुमार के मकान के पास भूस्खलन होने से उनका घर खतरे की जद में है।

## खबर संक्षेप

### एक्जो नोबेल इंडिया का शुद्ध लाभ घटकर 91 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** पेंट बनाने वाली कंपनी एक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत घटकर 91 करोड़ रुपये रहा। कमजोर उपभोक्ता मांग के बीच बिक्री में कमी के कारण कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह गिरावट आई।

### सोना 400 और चांदी में 500 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 300 रुपये बढ़कर 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार बंद में यह सोना 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### यूनियन ने बताया कर्मचारी सोमवार मध्य रात्रि से हड़ताल पर गए

# दिग्गज कंपनी बोइंग में जेट बनाने का काम ठप पड़ा, 3200 कर्मचारी गए हड़ताल पर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

बोइंग के लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारी सोमवार को केंद्रीय मानक समय के अनुसार मध्य रात्रि से हड़ताल पर चले गए। 'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स यूनियन' ने रविवार को बताया कि सेंट लुईस, सेंट चार्ल्स, मिसौरी और मैस्काउटा (इलिनोइस) स्थित बोइंग संयंत्रों में कार्यरत करीब 3,200 कर्मचारियों ने बोइंग के साथ संशोधित चार-वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया।

यह मतदान पिछले सप्ताह सदस्यों द्वारा संकटग्रस्त कंपनी के पूर्व प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद हुआ, जिसमें चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था। यूनियन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'बोइंग के 200 उच्च-कुशल आईएएम यूनियन सदस्य आधी रात को हड़ताल पर चले गए...। मध्यपश्चिम क्षेत्र के लिए यूनियन के महासचिव सैम सिसिनेली ने एक बयान में कहा, '' आईएएम डिस्ट्रिक्ट 837 के सदस्य ऐसे विमान और रक्षा प्रणालियां बनाते हैं जो हमारे देश को सुरक्षित रखती हैं। वे ऐसे अनुबंध के हकदार हैं जो उनके परिवारों को सुरक्षित रखे और उनकी बेजोड़ विशेषज्ञता को मान्यता दे।



- चार वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए किया मतदान
- चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था
- यूनियन के सदस्यों ने बोइंग के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया

*पहले यूनियन प्रस्ताव को मंजूरी देने वाला था : यूनियन के नेताओं ने उस समय इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की सिफारिश की थी और इसे एक ''ऐतिहासिक समझौता'' करार दिया था। उन्होंने कहा था कि इस प्रस्ताव से चिकित्सकीय, पेंशन और कामकाजी घंटों से इतर काम करने के लाभों में सुधार होगा। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर ही यूनियन के सदस्यों ने बोइंग के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।*

*कंपनी दो विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से संघर्ष कर रही : कंपनी अपने दो बोइंग 737 मैक्स विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से संघर्ष कर रही है। 2018 में इंडोनेशिया में और 2019 में इथियोपिया में इसके विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से 346 लोगों की जान गई थी।*

### बोइंग प्रस्ताव ठुकराने से निराश

*बोइंग एयर डोमिनेंस के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक डैन गिलियन ने कहा, '' हमें निराशा है कि हमारे कर्मचारियों ने प्रस्ताव ठुकरा दिया .. हम हड़ताल के लिए तैयार हैं और हमने अपनी आकस्मिक योजना को पूरी तरह से लागू कर दिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हड़ताल न करने वाले हमारे कर्मचारी और ग्राहकों को कोई परेशानी न हो।'*

### कंपनी ने आय में सुधार होने की घोषणा की थी

बोइंग ने, उसकी दूसरी तिमाही की आय में सुधार होने और घाटा कम होने की मंगलवार को घोषणा की थी। कंपनी को दूसरी तिमाही में 61.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ, जबकि पिछले साल इसी अवधि में उसे 1.44 अरब अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ था।

### लंबी हड़ताल से कंपनी को नुकसान का खतरा

अगर हड़ताल लंबी चली, तो बोइंग के फाइटर जेट और डिफेंस सिस्टम के उत्पादन और डिलीवरी में देरी हो सकती है। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। 2024 में सिएटल में 33,000 बोइंग कर्मचारियों ने सात हफ्ते तक हड़ताल की थी। इसके बाद उन्होंने 38% वेतन वृद्धि वाला समझौता स्वीकार कर लिया था। इसके अलावा 1996 में सेंट लुइस में 99 दिन की हड़ताल हुई थी।

## पतंजलि योगपीठ में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस



**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी का जन्मदिवस पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 के योगभवन सभागार में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर स्वामी रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण जी ने उपस्थित जनसमूह को स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ विश्व के लिए वृक्षारोपण हेतु संकल्पित कराया। स्वामी जी व आचार्य जी ने स्वयं रक्तदान व वृक्षारोपण कर जनसामान्य को प्रेरित किया।कार्यक्रम में स्वामी रामदेव जी महाराज ने आचार्य जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आचार्य जी का जन्मदिवस मनाना तो मात्र एक बहाना है, इसका मुख्य उद्देश्य भारत माता के प्रत्येक घर में ही नहीं सम्पूर्ण धरती माता के आँगन में जड़ी-बूटियाँ शोभायमान हों और सम्पूर्ण मानवता उनसे स्वास्थ्य व सुख पाएँ। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियाँ प्रकृति-परमेश्वर के अनुग्रह को अनुभव करने का एक माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियाँ मात्र उपचार के लिए ही नहीं अपितु आत्म साक्षात्कार के लिए भी हेतु हैं। स्वामी जी ने कहा कि अपने ऋषियों की विरासत को गौरव के साथ प्रतिष्ठापित करने वाले आचार्य जी इस अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ के जीवंत प्रतिमान हैं। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि जड़ी-बूटियां हमसे नहीं हैं अपितु जड़ी-बूटियों से हम हैं। हमें अपने जीवन की रक्षा करनी है तो जड़ी बूटियों को बचाना जरूरी है। इसलिए पतंजलि का जड़ी-बूटी दिवस सम्पूर्ण मानवता के जीवन को बचाने का एक उपक्रम है, जड़ी बूटियां नही होंगी, पेड़ पौधे नहीं होंगे, तो मानव का जीवन का अस्तित्व भी नहीं रह सकता। आचार्य जी ने कहा कि जन्मदिन तो मात्र बहाना है।

## डीडी नेशनल शुरू कर रहा नई कार्यक्रम श्रृंखला

**नई दिल्ली :** डीडी नेशनल 4 अगस्त 2025 से अपने दर्शकों के लिए एक नई कार्यक्रम श्रृंखला शुरू कर रहा है, जिसमें ऐसी कहानियाँ दिखाई जाएंगी जो भारत की विविधता, जज़्बे और सपनों को बखूबी दर्शाती हैं। ये कार्यक्रम हमारे देश की संस्कृति, भावनाओं और जमीनी सच्चाई से जुड़ी हुई कहानियाँ लेकर आ रहे हैं । इस श्रृंखला में पहला शो 'देवांचल की प्रेम कथा' है, जो हिमाचल प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सुंदर प्रेम कहानी है। यह शो पारंपरिक मूल्यों और गहरे मानवीय रिश्तों को दिखाता है । देवभूमि की आध्यात्मिकता और भावनात्मक सुंदरता को बारीकी से दर्शाने वाला यह कार्यक्रम हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:00 बजे प्रसारित होगा । दूसरा शो 'हिमाचल से ओलंपिक तक का सफर' उस खिलाड़ी की सच्ची कहानियाँ दिखाएगा, जिसने हिमाचल जैसे दूरदराज़ इलाकों से निकलकर ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच तक अपनी मेहनत से पहचान बनाई । यह शो खिलाड़ी की लगन, संघर्ष और जीत की यात्रा को दर्शकों तक पहुँचाएगा। यह कार्यक्रम सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होगा ।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

गुरुजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

7534997731

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## चीन ने क्रिप्टोकरेंसी पर चलाया हथोड़ा, 12 साल बाद लिया सबसे बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** चीन में बिटकॉइन, इथेरियम समेत सभी क्रिप्टोकरेंसी पर सख्त बैन लागू हो गया है। अब न तो कोई क्रिप्टो माइनिंग कर सकेगा, न ट्रेडिंग, और न ही इससे जुड़े किसी सर्विस या ऐप का इस्तेमाल करेगा। चीन सरकार ने इसे आर्थिक जोखिम, मनी लॉन्ड्रिंग और डिजिटल युआन को बढ़ावा देने के नाम पर पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया है। क्रिप्टो माइनिंग-अब चीन में बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी की माइनिंग गैरकानूनी है। क्रिप्टो ट्रेडिंग-कोई व्यक्ति, कंपनी या ऐप क्रिप्टो का लेन-देन नहीं कर सकते। ऑफशोर सर्विसेस भी बैन-चीन के नागरिक अगर विदेशी एक्सचेंज से भी क्रिप्टो खरीदते हैं, तो वह भी कानून के दायरे में आएंगे। सरकार को डर है कि क्रिप्टो से पैसा देश से बाहर जा रहा है। ऊर्जा खपत बहुत ज्यादा होती है क्रिप्टो माइनिंग में। फाइनेंशियल सिस्टम पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए सरकार अब डिजिटल युआन यानी अपने खुद के डिजिटल करेंसी को प्रमोट कर रही है। चीन ने 2013 में बैंकों को बिटकॉइन से लेनदेन करने से मना किया गया। उसके बाद सन 2017 में आईसीओ और एक्सचेंजों पर बैन लगाया। सन 2021 में माइनिंग पर बड़ी कार्रवाई हुई थी। अब 2025 में इसे पूरी तरह 'अपराध' घोषित कर दिया गया है।

## गुड़गांव को मिली अपनी पहली टेनिस फ्रैंचाइज़ी

**नई दिल्ली।** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सीज़न से पहले एक बड़ी घोषणा सामने आई है। कनाडा समर्थित निवेश फर्म हाइजिया वेंचर्स ने गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स फ्रैंचाइज़ी को खरीद लिया है। इस टीम की ब्रांड एम्बेसडर बनी हैं। भारत की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा, जो पहली बार किसी लीग टीम से इस भूमिका में जुड़ी हैं। हाइजिया वेंचर्स के संस्थापक गौरव अग्रवाल ने इस निवेश को खेल और भारतीय प्रतिभाओं के समर्थन की दिशा में एक अहम कदम बताया। उन्होंने कहा, "मेरे बेटे की तरह कई युवा खिलाड़ी हैं जिनके लिए यह मंच प्रेरणा बन सकता है। टीपीएल के सह-संस्थापक कुणाल ठाकुर ने कहा, "गुड़गांव टीम का आना लीग के लिए नया अध्याय है। सानिया का अनुभव और गौरव की रणनीतिक सोच इस टीम को खास बनाएगी।" वहीं सह-संस्थापक मृणाल जैन ने इसे टीपीएल के लिए निवेश के नए अवसर की शुरुआत बताया। सानिया मिर्ज़ा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, "मैं ऐसी टीम से जुड़कर उत्साहित हूं जो नवाचार और भारतीय प्रतिभा को बढ़ावा देती है। गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स इस सीज़न में धमाल मचाने के लिए तैयार है।"गौरतलब है कि टीपीएल एशिया की सबसे बड़ी टेनिस लीग बन चुकी है, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सितारे साथ खेलते हैं। सानिया, लिएंडर पेस, महेश भूपति के साथ-साथ रकुल प्रीत सिंह व सोनाली बेंद्रे जैसी फिल्मी हस्तियां भी इससे जुड़ी हैं।




## एथर एनर्जी को 178 करोड़ रुपए का हुआ शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 178 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 183 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। एथर एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में कुल आय बढ़कर 673 करोड़ रुपये हो गई। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 368 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 पहली तिमाही के दौरान कंपनी का कुल व्यय बढ़कर 851 करोड़ रुपये हो गया।

# धातु, वाहन शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 419 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, जिंस एवं वाहन शेयरों में तेजी रहने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 493.28 अंक चढ़कर 81,093.19 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 157.40 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,722.75 अंक पर बंद हुआ।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"घरेलू शेयर बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख के साथ वाहनों की मासिक बिक्री के अच्छे आंकड़ों और प्रमुख वाहन कंपनियों के उत्साहजनक तिमाही नतीजों ने इन क्षेत्रों में निवेशकों की रुचि को फिर जगाया। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि जापान का निक्की सूचकांक गिरावट में रहा। यूरोप के बाजार दोपहर कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

## एनएसएल ने राष्ट्रीय सुरक्षा इस्पात पुरस्कार 2024 में अपना परचम लहराया



**नगरनार।** इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर 25 और 26 जुलाई2025 को रांची में आयोजित 75वीं संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) की बैठक में, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने अपने उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए सोलह (16) प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2024 जीते। ये पुरस्कार एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए घातक दुर्घटना रहित श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए गए, जिनमें निम्नलिखित उपलब्धियाँ शामिल हैंःएकीकृत इस्पात संयंत्र में कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। एकीकृत इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कैलेंडर वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। ठेकेदार श्रमिकों से जुड़ी कोई भी घातक दुर्घटना नहीं कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 । ये सम्मान मजबूत सुरक्षा प्रणालियों, निरंतर निगरानी और कर्मचारियों व ठेकेदार कार्यबल, दोनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शून्य हानिकारक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनएसएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।यह पुरस्कार एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की ओर से पवन कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा) और अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) के साथ-साथ यूनियन नेताओं संतराम शेतिया, अध्यक्ष सिम्स रमेश कश्यप, सचिव सिम्स, मानदास कश्यप, अध्यक्ष एसएसयूः और विजयेंद्र नाथ मैथ्यूज, सचिव एसएसयू द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि पर, कार्यकारी निदेशक एवं प्लांट प्रमुख, एम.एन.वी.एस. प्रभाकर ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड समूह को शून्य-हानिकारक कार्यस्थल प्राप्त करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी और सभी से उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

## एसएसबी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय मुकाम हामिन कर चुके एसएसबी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अव दिल्ली के लोगों को भी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाएगा। दिल्ली की कैलाश कालोनी में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अत्याधुनिक 50-बेड के एमएमबी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। दिल्ली में अत्याधुनिक एसएसवी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने अस्पताल की आवरण पट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर मांसद मुत्री वमुरी स्वराज और विधायक श्रीमती शिखा राय भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अस्पताल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. एस. एम. बंसल ने मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, मांसद सुश्री बंसुरी स्वराज और विधायक श्रीमती शिखा राय का फूलों का बुद्धे भेंट कर स्वागत किया।

PUBLIC NOTICE

I, Mrs Priya Thaman, W/o Nimish Vasishta, R/o House No 1751, Urban Estate, Sector- 4, Gurgaon- Haryana-122001, I have purchased a property bearing No. B-2/1506, Project-Upcountry, TS-1, Sector- 17A, YEIDA, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh 201303, I have lost the original allotment letter of the above said property, and I have requested to M/s Supertech Limited, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

PUBLIC NOTICE

I, Mrs Priya Thaman, W/o Nimish Vasishta, R/o House No 1751, Urban Estate, Sector- 4, Gurgaon- Haryana-122001, I have purchased a property bearing No. B-2/1506, Project-Upcountry, TS-1, Sector- 17A, YEIDA, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh 201303, I have lost the original allotment letter of the above said property, and I have requested to M/s Supertech Limited, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के ईई-VIII क्षेत्राधिकार के तहत वार्ड नं. 33 में ट्रेंचलैस टेक्नोलॉजी के माध्यम से वर्तमान सीवर लाइन ग्लेरिया मार्केट सर्विस रोड के निकट रेडलाइट से जीएमडीए मास्टर सीवर लाइन को जोड़ने हेतु 600 मिमी डाया सीवर लाइन का प्रावधान व बिछाना। | 01.08.2025 07.08.2025 | रु. 49,37,361/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरुग्राम | सुपर सक्कर मशीन को किराये पर लेना जो दैनिक सीवरेज कम्लेंट और गाद निकालने के लिए हो वार्ड नं. 25 और 26 डिवीजन 4बी एमसी गुरुग्राम के तहत + 2 कार्य। | 02.08.2025 12.08.2025 | रु. 1,90,73,814/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 3 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के तहत डिवीजन 2ए और 2बी में सुपर सक्कर किराये पर लेना + 11 कार्य। | 01.08.2025 11.08.2025 | रु. 5,90,95,390/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee3@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/37287/1/88/7 दि. 04.08.25



## रेड चीफ ने फैशन और लाइफस्टाइल रेंज पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्पोर्ट्स शूज़ की कैटेगरी लॉन्च की

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध प्रीमियम लेदर फुटवियर ब्रांड, रेड चीफ ने रेड चीफ स्पोर्ट्स शूज़ के लॉन्च के साथ फैशन और लाइफस्टाइल रेंज में अपने प्रवेश की घोषणा की है। पुरुषों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, असली लेदर के जूते प्रदान करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, रेड चीफ अब स्टाइलिश और आरामदायक स्पोर्ट्स शूज़ की बढ़ती मांग को पूरा कर रहा है। यह नई कैटेगरी उन युवाओं की ज़रूरतों को पूरा करती है जो दिन भर के लिए स्टाइल, परफॉरमेंस और आराम को महत्व देते हैं। लेयान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा, "हमने पाया कि मार्केट में उपलब्ध स्पोर्ट्स शूज रेंज में स्टाइल, आराम और परफॉर्मेंस सब एक साथ और एक ही रूप में उपलब्ध नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए, हम इन सभी के शानदार संयोजन वाली एक रेंज पेश कर रहे हैं। हमारे स्पोर्ट्स शूज़ की रेंज में रनिंग, वॉकिंग, हाइकर, ट्रेनिंग शूज़ और लाइफस्टाइल स्नीकर्स शामिल हैं।

## आवास फायनेंसियर्स द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों का सम्मान समारोह



**जयपुर।** अफ़ोर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, आवास फायनेंसियर्स, ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्राप्त परिवारों की खुशियाँ साझा की गईं और उन्हें उनके नए घर की उपलब्धि पर बधाई दी गई। इस समारोह में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुलदीप नारायण, सिक्किम सरकार के समाज कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती सारिका प्रधान, नेशनल हाउसिंग बैंक के एमडी संजय शुक्ला और बोर्ड सदस्य प्रभंजन मोहापात्रा समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सचिंदर भिंडर ने कहा, 'भारत के हजारों परिवारों को उनके स्वयं के घर का सपना साकार होते देखना हमारे लिए अत्यंत गर्व और संतोष की बात है। हम न केवल अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि स्थाई और पर्यावरण अनुकूल घरों के निर्माण के भी प्रयासरत हैं।'

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5949




**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5948 का हल**





भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की

# सिराज का करिश्माई प्रदर्शन, इंग्लैंड से छीनी जीत

## 23 विकेट लेकर सिराज बने सीरीज के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



### यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं

इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया । इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी।

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी, जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।



### दर्ज की रोमांचक जीत

सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लार्ड्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।

### सिराज का शानदार प्रदर्शन

सिराज इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 23 विकेट लिए। उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल हासिल किया। उनके बाद जोश टंग ने 3 टेस्ट में 29.05 की औसत के साथ 19 सफलताएं हासिल की। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने 4 टेस्ट में 25.23 की औसत के साथ 17 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से इस सीरीज में सिराज ने गेंदबाजी करते हुए 1,000 से अधिक गेंदें की।

## हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज : गिल

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का 'उचित प्रतिबिंब' करार दिया। श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की। गिल ने कहा, 'सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है। यह दर्शाता है कि दोनों टीम कितने जोश से भरी थीं और उन्होंने कितना अच्छा खेला।' कप्तान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की, जिन्होंने मैच में आठ विकेट लिए। वह हालांकि थोड़े महंगे साबित हुए।



### यह जीत अतुलनीय

इंग्लैंड के खिलाफ रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे पांचवें टेस्ट मैच में भारत की यादगार जीत के बाद टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल लोकेश राहुल ने इसे अपने अब तक के करियर की सबसे यादगार श्रृंखला करार दिया। राहुल ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए सब कुछ है। मैं पिछले कई साल से क्रिकेट खेल रहा हूं।

### टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 754 |
| जो रुट | इंग्लैंड | 537 |
| लोकेश राहुल | भारत | 532 |

### टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मो. सिराज | भारत | 23 |
| जोश टंग | इंग्लैंड | 19 |
| बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 17 |

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : रीयल कश्मीर ने टीआरएयू को हराया

**इम्फाल।** मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया। रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी। रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए। रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी।

### दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर, यामाशिता को खिताब

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर मौसम से प्रभावित अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के



खराब प्रदर्शन के साथ एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं, जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता, जिसके लिए उन्हें 14 लाख 62 हजार 500 डॉलर की राशि मिली।

### अक्टूबर में होगा तीरंदाजी लीग का पहला सत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की, जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरुष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला




सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है, जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है । भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा ,' हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिए देश में खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।' विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा।

## नेशनल बैंक ओपन : क्लारा ने विंबलडन चैंपियन इगा को हराया, क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

### स्वियातेक के साथ हुआ उलटफेर, टॉसन से 7-6, 6-3 से हारी

एजेंसी ▶▶ मांट्रियल

कनाडा के टोरंटो में इन दिनों नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के चौथे राउंड में डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एंट्री मारी। इसके साथ ही टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विंबलडन में मिली हार का बदला भी ले लिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने चेक रिपब्लिक की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया था।



#### रुबलेव विनर घोषित

इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7,7-6, 3-0 से आगे थे। थकान के कारण फोकिना ने बीच मुकाबले में कोर्ट छोड़ दिया और रुबलेव को इस मैच का विनर घोषित कर दिया गया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

#### शेल्टन ने दर्ज की 100वीं जीत

बेन शेल्टन ने राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी. मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें 'ऑस्ट्रेलियन ओपन' के सेमीफाइनल तक का सफर भी है।

## मेस्सी को दाहिने पैर में चोट, इंटर मियामी ने पुष्टि की,वापसी को लेकर नही बताई समय-सीमा

एजेंसी ▶▶ फोर्ट लॉडरडेल

इंटर मियामी सीएफ ने क्लब के कप्तान लियोनेल मेस्सी को लेकर अपडेट जारी किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें मांसपेशियों में मामूली चोट लगी है। हालांकि, मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब ने 38 वर्षीय मेस्सी की वापसी को लेकर कोई समयसीमा नहीं बताई है। 'लीग्स कप' के फेज वन में नेकाक्सा के खिलाफ चेज स्टेडियम में हुए मुकाबले के शुरुआती मिनटों में चोट लगने के कारण मेस्सी को मैच से बाहर होना पड़ा। इंटर मियामी यह मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीतने में सफल रहा।



### असंतुलित होकर गिर पड़े थे मैस्सी

इंटर मियामी की ओर से जारी बयान में कहा गया, मेस्सी ने नेकाक्सा के खिलाफ लीग्स कप मुकाबले के दौरान मांसपेशियों में हुई तकलीफ की गंभीरता का आकलन करने के लिए मेडिकल टेस्ट करवाया, जिसकी वजह से उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। उनके दाहिने पैर में मांसपेशी चोट की पुष्टि हुई है। मेस्सी की वापसी मेडिकल टीम की मंजूरी और इलाज के प्रति उनके रेस्पॉन्स और क्लीनिकल प्रोग्रेस पर निर्भर करेगी। अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी गेंद को ड्रिबल करते हुए जब डिफेंस लाइन के बीच पहुंचे, तो कई डिफेंडर्स ने उन्हें घेर लिया, जिससे वह असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद उन्होंने हताशा में घास पर हाथ मारा। कुछ ही पलों बाद वह हेरॉन्स की बेंच के सामने बैठ गए, जहां इंटर मियामी की मेडिकल टीम ने उनका ट्रीटमेंट किया। इसके बाद मेस्सी खुद पैदल चलते हुए मैदान से बाहर गए और आगे की जांच के लिए टनल की ओर रवाना हो गए। कोच जेवियर माशेरानो ने 11वें मिनट में फेडेरिको रेडोंडो को मैदान पर उतारा।

अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

## छह मुक्केबाजों ने भारत के लिए पदक पक्के किए

भाषा ▶▶ बैंकॉक

दो महिला मुक्केबाजों और चार पुरुष मुक्केबाजों ने सोमवार को अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए छह और पदक पक्के कर दिए। प्रिया (महिला 60 किग्रा), पारांजल यादव (महिला 70 किग्रा), हर्ष (पुरुष 60 किग्रा), नीरज (पुरुष 75 किग्रा), रॉकी चौधरी (पुरुष 85 किग्रा) और इशान कटारिया (पुरुष 90 किग्रा से अधिक) ने अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। प्रिया ने जापान की सारी कोकुफू को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर भारत की जीत की शुरुआत की। हर्ष ने भी मंगोलिया के मुंख-एर्डीन एर्डेनेबोल्ड को इसी अंतर से मात दी। पारांजल चीन की मेंगे झांग को कड़े मुकाबले में हराकर सुबह के सत्र में भारत के लिए पदक पक्का करने वाली तीसरी मुक्केबाज बनीं। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय मुक्केबाज ने खंडित फैसले में 3-2 से जीत हासिल की। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ हो रहा है जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का मजबूत दल उतारा है जिसमें प्रत्येक आयु वर्ग में 20 मुक्केबाज हैं। रविवार को अंडर-22 वर्ग में भारत के दो पदक पहले ही पक्के हो चुके थे जब भावना शर्मा (महिला 48 किग्रा) और यात्री पटेल (महिला 57 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं। शाम के सत्र में नीरज ने भारत का विजय अभियान जारी रखा और चीनी ताइपे के जुन-झांग लिन को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद रॉकी चौधरी ने कजाखस्तान के अजातबेक जोल्दासखान को 4-1 से हराकर देश के लिए दिन का पांचवां पदक पक्का किया। इशान कटारिया ने दबदबा बनाते हुए ईरान के सईदयुसेफ मौसवी को हराया जब रैफरी ने उनका मुकाबला बीच में रोककर उन्हें विजेता घोषित किया। सोमवार को सात भारतीयों में से केवल सागर को पुरुषों के 55 किग्रा क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### भारत ने लगाई छलांग, निकला इंग्लैंड से आगे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में हराकर सीरीज को बराबरी पर छुड़ाने में कामयाबी हासिल कर ली है। आखिरी मैच में टीम इंडिया ने लाजवाब प्रदर्शन किया और आखिरकर मैच अपने नाम करने में सफलता हासिल की। इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में भी टीम इंडिया ने लंबी छलांग मारी है, वहीं इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। अंक तालिका में भारत तीसरे नंबर पहुंचा है। अब इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम ने तीसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने अब तक 5 मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेले हैं, इसमें से दो मैच भारत ने जीते हैं और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ है। भारत का पीसीटी अब बढ़कर सीधा 46.67 का हो गया है।

## कुश्ती विश्व चैंपियनशिप : अमन पदार्पण के लिए तैयार, सुजीत ने बनाई टीम में जगह

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।

क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आए। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। सुजीत ने अनुज (10-0) और विशाल कालीरमन (8-4) के खिलाफ अपने मजबूत रक्षात्मक खेल से प्रभावित किया। वह मुश्किल स्थिति से जवाबी हमला करके अंक बटोरने में सफल रहे। बजरंग पुनिया के हटने के बाद 65 किग्रा में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन लचर रहा है लेकिन सुजीत ने इस प्रदर्शन से उम्मीदें जगा दी है।



## वेस्टइंडीज को हराकर पाक ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

एजेंसी ▶▶ लॉडरहिल (अमेरिका)

सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाए और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया । पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए ।

शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज



ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद हारिस रऊफ ने तीसरे ओवर में सिर्फ पांच रन दिए। उन्होंने पांचवें ओवर में ज्वेल एंड्रयू (24) को हसन अली के हाथों लपकवाया। एलिक अथानाजे ने 40 गेंद में 60 रन बनाए और होप (सात) के साथ 30 रन की साझेदारी की।

भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में भिड़ेगी आस्ट्रेलिया के खिलाफ

## आस्ट्रेलिया से 4 मैच खेलेगा भारत, हॉकी टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है, जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है, जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी।



### टीम की कमान हरमनप्रीत के पास

टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे । डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है, जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

### तकनीकी पहलुओं पर फोकस

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा।' टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा,' हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है ।' भारतीय टीम 8 अगस्त को बेंगलुरु से आस्ट्रेलिया रवाना होगी, जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

**टीम- गोलकीपर** : कृशन पाठक और सूरज करकेरा **डिफेंडर** : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी **मिडफील्डर** : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह





## यूके संसद की उपसभापति गनी भारत के दौर पर

# संसदीय कामकाज में एआई के उपयोग पर हुआ लम्बा विमर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की डेप्युटी स्पीकर नुसरत गनी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी से भेंट की। बातचीत के दौरान, दोनों पीठासीन अधिकारियों ने भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नियमित रूप से संसदीय आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने पर विचार-विमर्श किया। दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके की सफल यात्रा, जिसके दौरान ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (इंडिया-यूके कॉम्प्रीहेंसिव इकोनोमिक ट्रेड एग्रीमेंट) (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे, के परिप्रेक्ष्य में यह विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। डेप्युटी स्पीकर गनी, एआई संबंधी संसदीय संचालन समूह की अध्यक्ष होने के नाते, भारतीय संसद में एआई के अनुप्रयोग का अध्ययन करने के उद्देश्य से भारत दौरे पर आई हैं।



### संसदीय संदर्भ में एआई परिवर्तनकारी साधन

अपने संबोधन में, उपसभापति हरिवंश ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम, अपने लोकतांत्रिक शासन के साझा इतिहास, समान मूल्यों एवं अटूट प्रतिबद्धता के साथ, वैश्विक स्तर पर संसदों हेतु जवाबदेह प्रौद्योगिकी अवसंरचना के निर्माण में संयुक्त रूप से नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की अनूठी स्थिति में हैं। एआई के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संसदीय संदर्भ में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक परिवर्तनकारी साधन है जो सदस्यों को उनके उत्तरदायित्वों को ज्यादा कारगर ढंग से निभाने, विधायी समर्थन में सुधार लाने और बेहतर शासन को सुगम बनाने में सहायता करता है।

### भारत ने एआई में बहुत अधिक कार्य किया

उपसभापति हरिवंश ने कहा कि हम अपने कर्मचारियों के लिए एआई उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने हेतु नियमित रूप से विशेषज्ञ सत्र और कौशल विकास कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। हमने डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग में बहुत अधिक कार्य किया है। आगामी महीनों और वर्षों में, इस संस्थान को नागरिकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के लिए कई और नवीन कार्यप्रणालियाँ आरंभ की जाएँगी।

### गनी ने एआई के उपयोग की सराहना की

अपने संबोधन में, गनी ने संसद में एआई के उपयोग और इस दिशा में तकनीक को अपनाने में हुई प्रगति पर, लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय द्वारा प्रस्तुत ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों की सराहना की। डेप्युटी स्पीकर की यह यात्रा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जनवरी में यूके यात्रा के बाद हो हुई है, जहाँ हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर के साथ विचार-विमर्श के दौरान भारतीय संसद में एआई के उपयोग पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई थी। इस अवसर पर राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी भी उपस्थित रहे।

## भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का दावा: 'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए तीनों आतंकी निकले पाकिस्तानी

# चॉकलेट, आईडी, चिप्स और खून के निशान से जुड़ा पहलगाम हमले का 'पाक' कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव के तहत सुरक्षाबलों को तीन आतंकवादियों के ढेर करने के मामले में बड़ी जानकारी हाथ लगी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों और बायोमीट्रिक डेटा सहित कई सबूत इकट्ठा किए हैं। इससे साबित होता है कि पहलगाम हमले में शामिल तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे।

वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि पहली बार पाकिस्तानी सरकार द्वारा जारी दस्तावेज हमारे हाथ लगे हैं। हालांकि, अधिकारियों ने यह भी बताया कि जो साक्ष्य जुटाए गए हैं, उसे पता चला है कि इन आतंकवादियों में कोई स्थानीय व्यक्ति शामिल नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान और उसके बाद जुटाए गए फोरेंसिक, दस्तावेजी और साक्ष्यों से पता चलता है कि तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे।

क्षतिग्रस्त सैटेलाइट फोन से बरामद हुई माइक्रो एसडी | इसमें तीनों आतंकियों के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड मिले थे

### मिले 6 सबूतों से पाक नागरिक होने का खुलासा





अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाकिस्तानी वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। उन्होंने 'डिजिटल फुटप्रिंट्स' के आधार पर बताया कि आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किया गया 'हुआवेई सैटेलाइट फोन (आईएमईआई 86761204-IIIII) 22 अप्रैल से 25 जुलाई तक हर रात 'इनमारसैट-4 एफ1' से संपर्क में था। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं।

### शवों की डीएनए से पुष्टि

### 'रेडियो चेक-इन' पाक क्षेत्र से दर्ज किया गया

अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम में मिली एक फटी हुई शर्ट पर मौजूद खून से लिए गए 'माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए प्रोफाइल', मारे गए तीनों आतंकवादियों के शवों से लिए गए डीएनए से पूरी तरह मेल खाते हैं। आतंकवादियों ने मई 2022 में उत्तर कश्मीर के गुरेज़ सेक्टर के रास्ते नियंत्रण रेखा पार की थी। खुफिया इंटरसेप्ट के अनुसार, उसी समय उनका 'रेडियो चेक-इन' पाकिस्तानी क्षेत्र से दर्ज किया गया था। हिरासत में लिए गए दो कश्मीरी युवकों से पूछताछ के दौरान पता चला कि आतंकवादी 21 अप्रैल को हिल पार्क में स्थित एक 'धोक' (मौसमी झोपड़ी) में आकर रुके थे। यह बैसरन घाटी से दो किलोमीटर दूर है। इन दोनों युवकों ने आतंकवादियों को रात भर पनाह दी और खाना भी मुहैया कराया। इसके अगले दिन आतंकवादी बैसरन घाटी गए।

### पाकिस्तान की मतदाता सूची में मिले नाम

सुरक्षा बलों ने बताया कि पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जिसमें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दो मतदाता पर्चियां शामिल हैं। इन मतदाता पर्चियों की क्रमांक संख्या लाहौर (एनए-125) और गुंझरांवाला (एनए-79) की मतदाता सूची से मेल खाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एनडीआरए से जुड़ी स्मार्ट-आईडी चिप एक सैटेलाइट फोन से बरामद हुई, जिसमें तीनों आतंकवादियों की उंगलियों के निशान, चेहरे की बायोमैट्रिक प्रोफाइल और पारिवारिक जानकारी मौजूद थी। इन रिकॉर्ड्स से पुष्टि हुई कि उनके पते चंगा मांगा (जिला कसूर) और कोइयां गांव, रावलकोट के पास, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं।

**पाक में निर्मित सामान मिले...** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान में निर्मित निजी सामान जैसे 'कैंडीलैंड' और 'चोकोमैक्स' चॉकलेट (दोनों कराची में उत्पादित ब्रांड) के रैपर उसी रकसैक में पाए गए। रैपरों पर छपे लॉट नंबर मई 2024 में मुजफ्फराबाद, पीओके भेजे गए माल के थे। फॉरेंसिक और तकनीकी पुष्टि के बारे में बताया कि बैसरन में मिले खोखों को 28 जुलाई को बरामद की गई तीनों एके-103 राइफल से 'टेस्ट-फायर' किया गया और उनके घर्षण के निशान पूरी तरह 100 प्रतिशत मेल खाए।

### सेना ने जारी नहीं की रिपोर्ट

*हालांकि, रक्षा मंत्रालय के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) ने कहा कि सोशल मीडिया पर पहलगाम हमलावरों की पहचान और बैकग्राउंड को लेकर एक रिपोर्ट फैलाई जा रही है। यह रिपोर्ट सेना की ओर से जारी नहीं हुई है। आर्मर्ड फोर्सेज के किसी अधिकारी या प्रवक्ता ने यह जानकारी नहीं दी है।*

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला बोले

# ट्रंप ने पाक को दोस्त बनाया, हमें रूस से तेल लेने का मना कर खुद उसे दे रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने पर अब प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप दबाव वाली राजनीति कर रहे हैं। उनके टैरिफ लगाने से हर देश प्रभावित हो रहा है।

अचानक, ट्रंप पाकिस्तान के दोस्त बन गए हैं। वे चाहते हैं कि हम रूसी तेल न लें। फिर भी उन्होंने पाकिस्तान से वादा किया है कि वे उन्हें कच्चा तेल भेजेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा कोई दोस्त नहीं बचा है, यहां तक कि हमारे पड़ोसी भी हमारे दोस्त नहीं हैं। हमने जो करने की कोशिश की है, वह यह दिखाने की है कि हम उनसे ज्यादा मजबूत हैं, बजाय इसके कि हम यह सोचें कि हम सब एक साथ हैं।

### शांति रातोंरात नहीं आएगी



*फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में शांति आती हुई नजर नहीं आ रही है। मुझे लगता है कि हम यह सोचकर मूर्खता की दुनिया में जी रहे हैं कि शांति रातोंरात आ जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी न किसी तरह, हमें कोई रास्ता निकालना ही होगा। युद्ध कोई रास्ता नहीं है। अंत में, आपको कलम उठानी होगी और चीजों पर चर्चा करनी होगी। इससे हमें क्या नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कई बार कहा है कि उन्होंने आतंकवादी कैंप को उखाड़ फेंका है। यदि यह सही है तो फिर पहलगाम आतंकी घटना क्यों हुई? कुलगाम मुठभेड़ कैसे हो रही है।*

### पाकिस्तान ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का समर्थन दोहराया

*इस्लामाबाद में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेश्कियान और पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की मुलाकात में 12 अहम समझौते हुए। पाकिस्तान ने ईरान के शांतिपूर्ण न्यूक्लियर प्रोग्राम का समर्थन दोहराया और दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 3 अरब डॉलर से बढ़ाकर 10 अरब डॉलर तक ले जाने का संकल्प लिया। दोनों देशों के बीच व्यापार, कृषि, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, नवाचार, समुद्री सुरक्षा और संचार जैसे क्षेत्रों में 12 समझौते व एमओयू साइन हुए। एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को भी जल्द अंतिम रूप देने की बात हुई।*

## भारत-सिंगापुर नौसेनाओं का संयुक्त अभ्यास



**सिंगापुर।** भारतीय नौसेना और सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) ने 28 जुलाई से एक अगस्त तक वार्षिक सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (सिमबेक्स) किया। अभ्यास के तहत इस वर्ष पहले आरएसएस सिंगापुर-चांगी नौसैनिक अड्डे पर तटीय चरण और उसके बाद दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी छोर पर समुद्री चरण का आयोजन किया गया। समुद्री चरण में दोनों नौसेनाओं के पोत और सिंगापुर गणराज्य वायु सेना (आरएसएएफ) के विमान शामिल हुए।

## निमिषा प्रिया केस में नया मोड़!

# महदी के भाई ने जज को लिखा पत्र जल्द से जल्द सजा देने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के जिंदा बचने की उम्मीदें धुंधली होती दिख रही हैं। निमिषा को 16 जुलाई 2025 को ही फांसी दी जानी थी लेकिन भारत के एक मुस्लिम धर्मगुरु के हस्तक्षेप के बाद सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

निमिषा को जिस यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फांसी दी जानी है, अब उसके भाई अब्दुल फत्तेह अब्दो महदी ने रविवार, 3 अगस्त को यमन के अटॉर्नी जनरल और जज अब्दुल सलाम अल-हूती के नाम एक पत्र लिखा और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया है। मृतक के भाई ने पत्र में साफ लिखा है कि परिवार सुलह या मध्यस्थता के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। फांसी की सजा को लागू किया जाए और फांसी की नई तारीक तय की जाए।





मौत की सजा से पीड़ित परिवार के अधिकारों की रक्षा होगी और न्याय मिलेगा। केरल की रहने वाली निमिषा प्रिया 2017 के एक मामले में फांसी की सजा का सामना कर रही हैं जिसमें उन्होंने गलती से एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या कर दी थी।

# एफएटीएफ में भारत खोलेगा पाकिस्तान की पोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की जांच में भारत को बड़ी सफलता मिली है। इस नरसंहार में शामिल तीन पाकिस्तानी आतंकियों को 'ऑपरेशन महादेव' के तहत भारतीय सेना ने ढेर कर दिया है। एनकाउंटर के बाद बरामद हुए सबूतों ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। अब भारत इन्हीं पुख्ता सबूतों के आधार पर एफएटीएफ (फायनेंनशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक हमला करने की तैयारी में है। अगर भारत के ये सबूत एफएटीएफ में पेश हुए, तो पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हुक्का-पानी बंद होना तय है। भारतीय सेना ने 28 जुलाई को एक विशेष अभियान चलाते हुए तीनों आतंकियों सुलैमान शाह उर्फ फैजल जट्ट, अबु हमजा उर्फ अफगान, और यासिर उर्फ जिब्रान को मार गिराया। ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के ए++ और ए श्रेणी के कमांडर थे और पाकिस्तान के रहने वाले थे।




### मिले सबूत पाक को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त

*एनकाउंटर के बाद आतंकियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और कई अहम दस्तावेज बरामद हुए। इनमें से सबसे चौंकाने वाली चीज थी दो आतंकियों के पाकिस्तानी वोटर आईडी कार्ड, जो लाहौर और गुजरांवाला से जारी किए गए थे। यह साफ कर देता है कि हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। भारत अब इन सबूतों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जोरदार तरीके से पेश करने की योजना बना रहा है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ये दस्तावेज पाकिस्तान को स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म में सीधे तौर पर दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हैं।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109